


# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2021-2023

वर्ष 35 अंक 87 | कोरबा, बुधवार ,दिनांक 27 दिसम्बर 2023 डाक 28 दिसम्बर 2023 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में वीर बाल दिवस के अवसर पर पूजा-अर्चना की




**देश-विदेश**

संजय राऊत ने भाजपा पर कसा तंज कहा- शिवसेना का अयोध्या से पुराना नाता उद्धव को निमंत्रण की जरूरत नहीं



**खुल्ला-पन्ना**

ठंडा या गर्म... सर्दियों में वर्कआउट या वॉक के दौरान कौन सा पानी पीना चाहिए....



# 14 राज्य, 85 जिले और 6200 किमी... मणिपुर से मुंबई तक कांग्रेस निकालेगी भारत न्याय यात्रा

**मुंबई, 27 दिसम्बर [एजेंसी]।**

भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब राहुल गांधी मणिपुर से मुंबई तक भारत न्याय यात्रा की तैयारी में हैं। आगामी 14 जनवरी से कांग्रेस पार्टी की भारत न्याय यात्रा शुरू होगी। राहुल गांधी मणिपुर से मुंबई तक जाएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक कांग्रेस के इस आयोजन में पार्टी आलाकमान के अलावा प्रदेश कांग्रेस के तमाम नेता भी शिरकत करेंगे। पार्टी के कार्यक्रम से जुड़ी रिपोर्ट्स के मुताबिक राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर ही जनसंपर्क की नई कवायद कर रहे हैं। पूर्वोत्तर भारतीय प्रदेश मणिपुर से 14 जनवरी को शुरू होने वाली पदयात्रा 20 मार्च को खत्म होगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि यात्रा के दौरान युवाओं, महिलाओं और हाशिए पर मौजूद लोगों से बातचीत करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कई प्रदेशों से गुजरी इससे पहले भारत जोड़ो पदयात्रा के बाद राहुल गांधी और कांग्रेस के पास बड़ा अनुभव है। वेणुगोपाल ने कहा कि भारत न्याय यात्रा 6,200 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। मणिपुर से शुरुआत के बाद कांग्रेस नेता नागालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात के कुछ हिस्सों में भी जाएंगे।



सबसे अंत में भारत न्याय यात्रा महाराष्ट्र पहुंचेगी। मुंबई में 20 मार्च को यात्रा का समापन होगा। मणिपुर से यात्रा की शुरुआत को कांग्रेस का सियासी निशाना भी माना जा रहा है। बता दें कि इसी साल मई महीने में हिंसक घटनाओं और जातीय टकराव के कारण मणिपुर लगातार सुर्खियों में रहा था। संवेदनशील हालात को देखते हुए खुद गृह मंत्री अमित शाह को मणिपुर दौरा करना पड़ा था। कूकी और मैतेई समुदाय के टकराव और हिंसा के दौरान महिलाओं की नग्न परेड जैसी शर्मसार करने वाली घटनाएं भी सामने आई थीं।

# चंपत राय ने सामने रखा राम मंदिर जन्मभूमि का नक्शा, ग्राउंड फ्लोर बन चुका, फर्स्ट फ्लोर जारी

**अयोध्या, 27 दिसम्बर [एजेंसी]।**

22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होनी है। उससे पहले मंदिर में तैयारियां जोरों पर है। बुधवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मानचित्र का वर्णन किया। उन्होंने वीडियो के माध्यम से पूरे मंदिर का नक्शा पेश किया। चंपत राय ने बताया- मंदिर का निर्माण 70 एकड़ भूमि के उत्तरी भाग पर किया जा रहा है। यहां तीन मंजिला मंदिर बनाया जा रहा है। मंदिर के भूतल का काम पूरा हो चुका है, पहली मंजिल निर्माणाधीन है। राम मंदिर भव्यता के साथ भारतीय परंपरा एवं तकनीक का भी पर्याय है। यह जानकारी रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने दी। वह



रामजन्मभूमि परिसर के ही निकट स्थित रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र भवन में संवाददाताओं से वार्ता करते हुए राम मंदिर की विशिष्टताएं गिना रहे थे। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण में लोहे का प्रयोग नहीं किया गया है और नींव के ऊपर कंक्रीट का भी प्रयोग नहीं किया गया गया है। निर्माण की तकनीक की विशिष्टता नींव से ही निहित है। मंदिर की नींव चार सौ फीट लंबे एवं तीन सौ फीट चौड़े विशाल भूक्षेत्र पर मोटी रोलर कांपेक्टेड कंक्रीट की 14 मीटर मोटी कृत्रिम चट्टान ढाल कर की गई है। मंदिर की प्लिंथ 380 फीट लंबी एवं 250 फीट चौड़ी है तथा मंदिर के मुख्य शिखर की ऊंचाई 161 फीट है। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव ने मंदिर निर्माण से जुड़ी अन्य मौलिक जानकारी भी साझा की।

# सीएए लागू होने से कोई रोक नहीं सकता अमित शाह की ममता बनर्जी को चुनौती

## बोले- जनता को गुमराह कर रहीं सीएम



**कोलकाता, 27 दिसम्बर [एजेंसी]।**

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने कमर कस ली है। वहीं भाजपा ने बंगाल में 42 में 35 लोकसभा सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सोमवार देर रात कोलकाता पहुंचे और मंगलवार को बंगाल भाजपा की कोर कमेटी के साथ बैठक की। बंगाल में अमित शाह ने सीएम ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए नागरिकता संशोधन कानून का जिक्र किया। उन्होंने दो-टूक लहजे में कहा कि कि नागरिकता (संशोधन) कानून को लागू होने से कोई नहीं रोक सकता क्योंकि यह देश का कानून है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर इस मुद्दे पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। बंगाल में आयोजित भाजपा कार्यक्रम में कहा, हमें अगले विधानसभा चुनाव के बाद पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनाने के लिए काम करना है। बंगाल में भाजपा सरकार का मतलब घुसपैठ, गाय तस्करी का अंत और सीएए के माध्यम से धार्मिक रूप से सताए गए लोगों को नागरिकता प्रदान करना होगा।

अमित शाह ने ममता बनर्जी को आड़े हाथों लेते हुए कहा, कभी-कभी, वह लोगों, शरणार्थियों को गुमराह करने की कोशिश करतीं हैं कि क्या सीएए देश में लागू होगा या नहीं।

# जम्मू-कश्मीर में एक और आतंकी साजिश नाकाम, श्रीनगर-बारामुला हाईवे पर आईईडी बरामद, मौके पर सेना के जवान

**श्रीनगर, 27 दिसम्बर [एजेंसी]।**

श्रीनगर-बारामुला राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज सुबह एक सिलेंडर आईईडी बरामद किया गया है। आईईडी मिलने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। हालांकि बम निरोधक दस्ते ने समय रहते ही उसे निष्क्रिय कर दिया। सुरक्षाबलों ने आईईडी को डिफ्यूज कर एक आतंकी हमले की साजिश पर पानी फेर दिया। आइईडी मिलने से श्रीनगर-बारामुला राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगभग दो घंटे तक यातायात भी अवरुद्ध रहा। अलबत्ता पुलिस ने आइईडी मिलने की पुष्टि नहीं की है और कहा कि एक संदिग्ध वस्तु थी, जिसे बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय किया है। यहां मिली जानकारी के अनुसार, यह आइईडी आतंकियों ने श्रीनगर-बारामुला राष्ट्रीय राजमार्ग पर लावेपोरा के निकट लगाया था। इस सड़क से सुबह सेना और अर्धसैनिक बलों के वाहनों के अलावा दिनभर सैंकड़ो नागरिक वाहन भी गुजरते हैं। सुबह सड़क की जांच कर रही सुरक्षाबलों की रोड ओपनिंग पार्टी ने इसका पता लगाया।



रोड ओपनिंग पार्टी ने उसी समय निकटवर्ती पुलिस चौकी को सूचित किया और दोनों तरफ से वाहनों की आवाजाही को सावधानी के तौर पर रोक दिया। इसके साथ सेना और पुलिस के बम निरोधक दस्ते भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आइईडी को अपने कब्जे में लेकर निष्क्रिय कर दिया। इसके बाद ही वहां यातायात सामान्य हुआ।

# महादेव बुक ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को दुबई में किया नजरबंद, इधर दीपक नेपाली भिलाई से गिरफ्तार



**रायपुर, 27 दिसम्बर [एजेंसी]।**

महादेव बुक ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर को दुबई पुलिस द्वारा नजरबंद किए जाने की जानकारी सामने आ रही है। अब जल्द ही उसे भारत लाया जाएगा। उधर छत्तीसगढ़ की दुर्ग क्राइम ब्रांच ने महादेव बुक ऐप से जुड़े दीपक नेपाली को भिलाई से मंगलवार देर रात गिरफ्तार कर लिया है। इसकी लंबे समय से तलाश थी। नेपाली पर अपहरण, लूट सहित कई मामले दर्ज हैं। दुर्ग की क्राइम ब्रांच की टीम ने कल देर रात वैशाली नगर क्षेत्र से दीपक नेपाली को गिरफ्तार किया है। फिलहाल दीपक नेपाली से पूछताछ जारी है। आरोपित पर अपहरण, लूट सहित राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत भी अपराध दर्ज है। दीपक नेपाली लंबे समय से महादेव एप से भी जुड़ा था और महादेव बुक ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि चंद्राकर के संपर्क में भी था।

# चार जवान शहीद-तीन ग्रामीणों की मौत, पुंछ में हालात की समीक्षा करने रक्षा मंत्री पहुंचे जम्मू कश्मीर, सेना प्रमुख भी साथ



**जम्मू 27 दिसम्बर।**

पुंछ में आतंकी हमले में चार जवानों के बलिदान होने व उसके अगले दिन तीन ग्रामीणों के संदिग्ध हालत में शव मिलने के बाद हालात का जायजा लेने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को राजौरी-पुंछ जिलों के दौरे के लिए जम्मू कश्मीर पहुंचे। इसके मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इस बीच, सुरक्षाबलों ने आतंकी हमले में लिप्त आतंकियों की मदद करने के संदेह में एक दर्जन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। इसके साथ आतंकियों को पकड़ने के लिए डेरा की गली, टोपा पीर, सवानी और मुगल रोड के साथ सटे जंगल में सेना का तलाशी अभियान लगातार छठे दिन भी जारी रहा।

# आज से शुरू हो रही सबरीमला में मंडला पूजा अयप्पा मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**केरल, 27 दिसम्बर [एजेंसी]।**

केरल में मंडला पूजा के लिए कुछ ही घंटे बचे हैं। ऐसे में सबरीमला में स्थित भगवान अयप्पा के प्रसिद्ध मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ गई है। मंदिर परिसर 'सन्निधानम' में अपने सिर पर इरुन्मुदिकेट्टू' की पवित्र पोटली लिए और स्वामी शरणम अयप्पा मंत्रों का जाप करते हुए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी जा सकती हैं। भक्त मंडला पूजा की एक झलक पाने के लिए इंतजार कर रहे हैं। भगवान अयप्पा की पवित्र 'थंका अंकी' (सुनहरी पोशाक) के साथ एक शोभायात्रा कल शाम को यहां पहाड़ी मंदिर पहुंची थी।



मंडला पूजा केरल का एक प्रमुख त्योहार है। यह त्योहार सबरीमाला अयप्पा मंदिर में मनाया जाता है। यह पूजा 41 दिनों की लंबी तपस्या के समाप्त होने का प्रतीक है, जिसे मंडला कलाम के नाम से जाना जाता है। यह त्योहार भगवान अयप्पा के भक्तों द्वारा बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाता है। मान्यता है मंडला पूजन करने वाले व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है।

# 14 कोरोना मरीज छत्तीसगढ़ में सक्रिय दुर्ग में चार और रायपुर में एक फिर मिले

**रायपुर, 27 दिसम्बर ।**



14 कोरोना मरीज छत्तीसगढ़ में सक्रिय है। 26 दिसंबर को जारी कोरोना बुलेटिन के मुताबिक दुर्ग में चार और रायपुर में एक संक्रमित मरीज फिर मिले है। अब एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। वहीं सभी संक्रमित मरीजों की रिपोर्ट की जीनोम सिक्वेसिंग के लिए सैंपल को एम्स में भेजे गए है। प्रदेश में कोरोना नियंत्रण में है। स्वास्थ्य विभाग एक्टिव मोड में काम कर रही है। लोगों से मास्क लगाने की अपील कर रही है. वही देश के कई राज्यों के एक बार फिर कोरोना का ग्राफ तेजी से फैल रहा है। अलग अलग राज्यों से लगातार नए मरीजों की पुष्टि हो रही है।

# ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर ट्रैवलर की ट्रक से भीषण भिड़ंत, दो महिलाओं की मौत, मथुरा से पंजाब लौट रहे थे यात्री

**बागपत, 27 दिसम्बर [एजेंसी]।**

घने कोहरे में एक्सप्रेसवे पर बड़ागांव के पास ट्रक से मिनी बस (ट्रैवलर) टकरा गई। दुर्घटना में पंजाब की दो महिलाओं की मौत हुई है, जबकि 10 से ज्यादा यात्री घायल हुए हैं। मिनी बस सवार मथुरा से पंजाब वापस लौट रहे थे। कई दिन से कोहरे की चादर दिन ढलते ही आसमान में छाने लगती है। कोहरे में एक बार फिर से एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा हुआ। मंगलवार रात करीब ढाई बजे एक्सप्रेसवे पर बड़ागांव के पास फर्स्ट लेन के ट्रक को ओवरटेक करते समय मिनी बस टकरा गई। भिडंत इतनी तेज थी कि मिनी बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इतना ही नहीं सवार सभी लोग घायल हुए हैं।



राहगीरों की सूचना पर जिले भर से चार एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया। घायलों ने बताया कि वे सभी पंजाब में नबासर से बालचोर निवासी हैं। घूमने के लिए मथुरा वृंदावन गए थे।

# टीएस सिंहदेव ने कांग्रेस को डोनेट किया 1 लाख 38 हजार रुपए



**रायपुर, 27 दिसम्बर ।**

छग कांग्रेस के नेता टीएस सिंहदेव ने कांग्रेस को 1 लाख 38 हजार रुपए डोनेट किया है। दरअसल लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने क्राउडफंडिंग शुरू की है। इस अभियान की शुरुआत के 48 घंटों में पार्टी को एक लाख 13 हजार लोगों ने डोनेट किया है।

'डोनेट फॉर देश' के तहत कांग्रेस को करीब तीन करोड़ रुपये का चंदा मिला है। कांग्रेस के एक सीनियर नेता ने बताया, कांग्रेस की 138वीं वर्षगांठ पर पार्टी 138, 1380, 13,800 और 1,38,000 रुपये का चंदा ले रही है। लोग इससे ज्यादा डोनेट करना चाहें तो कर सकते हैं। पार्टी को सबसे ज्यादा 138 रुपये का ही चंदा मिला है। शुरुआत में सिर्फ 32 लोगों ने ही एक लाख 38 हजार का चंदा दिया है। इसके अलावा 626 लोगों ने 13 हजार 800 रुपये डोनेट किए हैं।

# दंतेवाड़ा मुठभेड़ में मारे गए तीसरे नक्सली की हुई पहचान, नक्सलियों ने जारी प्रेस नोट में कही ये बात



**दंतेवाड़ा, 27 दिसम्बर [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के नक्सल प्रभावित कुन्ना-डब्बा के जंगलों में रविवार शाम को हुई मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए थे। जिसमें पुलिस ने दो नक्सलियों की पहचान तो कर ली थी पर तीसरे की पहचान नहीं हो पाई थी। अब नक्सलियों ने एक प्रेस नोट जारी कर तीनों नक्सलियों को अपना साथी होना बताया है। तीसरे मारे गए नक्सली का नाम प्रेस नोट में डोडी लिंगा बताया गया है, जो सुकमा जिले के गोंदपल्ली पंचायत के गोदेड गांव का निवासी है। इस नक्सली के 2016 से नक्सली संगठन से जुड़कर काम करने की बात लिखी हुई है। प्रेस नोट जारी कर नक्सलियों ने तीनों मारे गए साथियों को नक्सली बताया है, पर मुठभेड़ पर सवाल उठाए हैं। नक्सलियों ने तीनों को पकड़ कर मारने का आरोप लगाया है। प्रेस नोट दरभा डिवीजन सचिव साई नाथ ने जारी किया है।




स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# सीसीटीवी में नजर आए दो संदिग्ध, तलाश में जुटी पुलिस, इजरायल ने अपने लोगों को किया अलर्ट

**नईदिल्ली, 27 दिसम्बर [एजेंसी]।**



राजधानी दिल्ली स्थित इजरायली दूतावास के बाहर हुए विस्फोट की जांच जारी है। दिल्ली पुलिस को सीसीटीवी में दो संदिग्ध नजर आए हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। इस बीच, इजरायल ने दिल्ली में अपने लोगों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है।

उस समय हड़कंप मच गया जब खबर आई कि दिल्ली स्थित इजरायल दूतावास के बाहर धमाकी की धमकी मिली है। थोड़ी देर में खबर आई कि शाम करीब 5.10 बजे कम तीव्रता का धमाका हुआ। इजरायल दूतावास के अधिकारियों ने धमाका होने का दावा किया है। मौके से फिलिस्तीन का एक झंडा भी मिला, जिसमें गाजा में इजरायल की सैन्य कार्रवाई का विरोध किया गया और बदला लेने की धमकी दी गई। विस्फोट स्थल के पास लगे सीसीटीवी में दो संदिग्ध कैद हुए हैं। अब दिल्ली पुलिस उन्हें पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

# देश के भविष्य को बेहतर बनाने महापुरुषों के आदर्शों को अपने जीवन मे अपनाएंः देवांगन

## वीर साहबजादों की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि कर उनके शहादत को किया गया नमन






**कोरबा ।** वीरता, शौर्य और बलिदान के प्रतीक के रूप में आज देशभर में वीर बाल दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर कोरबा के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित साडा कन्या विद्यालय में भी जिला स्तरीय वीर बाल दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्री लखन लाल देवांगन मुख्य अतिथि कर रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विश्वदीप, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी पी भारद्वाज, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्राएं व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

केबिनेट मंत्री श्री देवांगन सहित सभी अतिथियों ने विद्यालय में वीर साहबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि कर गुरू गोविंद सिंह के परिवार के बलिदान और उनके सुपुत्रों की शहादत को याद किया। इस दौरान स्कूली छात्राओं ने स्वागत गीत और अरदास की प्रस्तुति दी।

श्री लखन लाल देवांगन ने वीर बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हमारा सौभाग्य है कि हम सभी यहां वीर बाल दिवस मनाने एकत्र हुए हैं। आज का दिन देश प्रेम की खातिर अपने प्राणों का आहूति देने वाले वीर साहबजादों की शहादत को नमन करने का दिन है, जिन्होंने धर्म की रक्षा के लिए कड़ी यातनाओं के बाद भी हार नहीं मानी और मात्र 09 और 06 वर्ष की आयु में शहादत को स्वीकार किया। उनकी वीरता की याद में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह सभी वर्ग, समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है। सभी वर्ग उनका आदर सम्मान करता है। सिक्ख समाज का गौरवशाली इतिहास सभी के लिए प्रेरणादायक है। श्री देवांगन ने कहा कि भारत के ऐसे ऐतिहासिक धरोहर को लोगों के सामने लाने का काम देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। देश की एकता, अखंडता को अक्षुण रखने, सामाजिक सद्भावना को बनाए रखने के लिए ऐसे वीरों के बलिदानों से प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि आज के बच्चें कल का भविष्य है। आगे चलकर इन्हें ही देश की सेवा करनी है। देश के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए महापुरुषों की जीवनी, उनके आदर्शों को हमें अपने जीवन मे अपनाना चाहिए। उनकी जीवनी से सीख लेना चाहिए।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप ने कहा कि आज के दिन को वीर बालकों की शहादत की याद में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होने कहा कि जन-जन को गुरु गोविंद सिंह के परिवार एवं वीर साहबजादों के बलिदान से सीख लेनी चाहिए। जिस प्रकार उन्होंने दुश्मनों के आगे सर नहीं झुकाकर निडरता से शहादत दे दी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के ऐसे वीर सपूतों के जीवनी को बच्चों तक पहुँचाना है। जिससे वे देश की गौरवशाली इतिहास को समझे और अपने जीवन मे उनके आदर्शों को अपनाए।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने गत वर्ष जनवरी में गुरू गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को गुरू गोविंद सिंह के पुत्रों के सर्वोच्च बलिदान और साहस की स्मृति में वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य युवाओं, किशोरों, पूरे देशवासियों में राष्ट्र निर्माण के लिए अपना योगदान देने एवं महापुरूषों के आदर्श मूल्यों को स्थापित व सुदृढ़ बनाना है। कार्यक्रम में डीएमसी श्री मनोज खांडे, पार्षद सुश्री रितु चौरसिया सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# धान का बकाया बोनस पाकर किसानों के परिवार में आई खुशहाली





**कोरबा ।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर आयोजित सुशासन दिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के तहत मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रदेश के किसानों को खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 व 2015-16 के धान विक्रय का बकाया बोनस राशि उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई है। दो साल के धान के बकाया बोनस राशि के अचानक मिलने पर किसान के चेहरे पर खुशी छा गई। बोनस राशि पाकर उत्साहित किसान इसके लिए देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त कर रहे हैं।

धान का बोनस मिलने के बाद अपनी खुशी जाहिर करते हुए कोरबा जिले के ग्राम बींझकोट के वयोवृद्ध किसान श्री लम्बोदर पटेल ने कहा कि उन्हें धान के बकाया बोनस के रूप में 5 लाख 81 हजार 400 रूपए मिले है। जैसे ही राशि उनके खाते के बोनस की राशि अंतरित हुई उनके खुशी का ठिकाना ही नहीं रहा। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को इसके लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि धान का बकाया बोनस प्राप्त होने से किसानों के परिवार में खुशहाली आ गई है। श्री लम्बोदर ने कहा कि उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि बकाया धान बोनस की राशि उन्हें मिलेगी। लेकिन मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के किसान हितैषी निर्णय के फलस्वरूप बोनस के रूप में 05 लाख से अधिक राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि उनका भरा-पूरा संयुक्त परिवार है। उनके परिवार में तीन बेटे-बहू के साथ 5 नाती-पोते सहित कुल 13 सदस्य हैं। उनके नाती पोते उच्च शिक्षा हेतु मेडिकल व इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहे है। उन्होंने कहा कि धान के बोनस राशि का उपयोग वे अपने नाती पोतों को उच्च शिक्षा दिलाने में करेंगे। जिससे वे उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने परिवार का नाम रौशन करें। उन्होंने कहा कि इस राशि का उपयोग वे साथ ही उन्नत खेती के लिए भी करेंगे।इसी तरह छुरी के किसान वरूण सिंह को भी सुशासन दिवस के अवसर पर धान के बोनस के रूप में 03 लाख 69 हजार 600 रूपए मिले हैं। उन्होंने भी इस बात पर अपनी खुशी जताते हुए कहा कि उनकों भी उम्मीद नहीं थी कि उन्हें बकाया बोनस कभी मिल पाएगा। लेकिन प्रदेश में विष्णुदेव सरकार के आते ही अब उनके खाते में धान का लंबित बोनस आ गया है। इससे उन्हें बड़ी राहत मिली है। इस राशि का उपयोग से वे खेत में फसल की उत्पादन बढ़ाने के लिए आवश्यक संसाधनों की पूर्ति करने एवं उन्नत खाद-बीज खरीदने में करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा खरीफ फसल के साथ-साथ रबी फसल एवं मौसमी सब्जियों का उत्पादन भी किया जा रहा है। जिससे उनकी आय में और अधिक वृद्धि हो। इसके लिए उन्होंने राज्य शासन और प्रधानमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## विधायक बनकर प्रेमचंद पटेल पहुंचे अपने स्कूल, गुरुओं से लिया आशीर्वाद, विद्यार्थियों ने किया जोरदार स्वागत

**कोरबा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उन्नयन स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय उतरदा के भूतपूर्व छात्र प्रेमचंद पटेल विधायक निर्वाचित होने के बाद अपने विद्यालय पहुंचे जहां विद्यालय के समस्त गुरुजनों से आशीर्वाद लिया एवं विद्यालय के हित में कार्य करने की बात कही। विद्यालय के भूतपूर्व छात्र एवं वर्तमान विधायक प्रेमचंद पटेल को अपने विद्यालय में देखकर विद्यालय के छात्र-छात्राएं गदगद हुए तथा उनका भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया । विद्यालय के प्रमुख प्रवेश द्वार से तिलक लगाकर पुष्प अर्पित करते हुए तथा निरंतर करतल ध्वनि से स्वागत करते हुए बैंड बाजे के साथ विद्यालय प्रांगण में स्वागत किया गया ।प्राचार्य पी पी अंचल के अगुवाई में स्वागत कार्यक्रम संपन्न हुआ।विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। समस्त अतिथि गण ने छत्तीसगढ़ महतारी एवं स्वामी विवेकानंद के तेल चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में छत्तीसगढ़ के राज्य गीत का गायन किया। कार्यक्रम का संचालन उत्तम सिंह मरावी एवं घनश्याम प्रसाद भास्कर ने किया। समस्त कार्यक्रम का प्रबंधन व्याख्याता राकेश टंडन ने किया। छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक एवं आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। स्वागत भाषण संस्था के भूतपूर्व प्राचार्य जी पी लहरे द्वारा किया गया।

संस्था के एस एम डी सी के अध्यक्ष पुष्पेंद्र शुक्ला ने प्रेमचंद पटेल के बारे में बताते हुए कहा कि वह बचपन से ही नए कार्य करने के प्रति उत्सुक रहते थे तथा अपनी राजनीति का शुरुआत एक पंच के रूप में करते हुए जिला पंचायत सदस्य तथा सभापति पशुधन विकास बने एवं वर्तमान में विधायक विधानसभा कटघोरा के रूप में नियुक्त हुए हैं। प्राचार्य पी पी अंचल ने आभार व्यक्त एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रेमचंद पटेल को उनके जीवन में और उत्तरोत्तर विकास करने की शुभकामनाएं प्रदान की।

कार्यक्रम में ग्राम प्रमुख सरपंच ओंकार सिंह नेटी, उप सरपंच इंद्रसेन यादव, भूतपूर्व सरपंच मनहरण राजपूत, मन्नू राठौर, बंजारे, मधु बनर्जी, एन के कंवर, चांदनी सोनी, संतोष आर्मो सहित समस्त कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# नए साल में एसईसीएल प्रबंधन की बढ़ेगी परेशानी, थमाया नोटिस

## 2 जनवरी को एसईसीएल कोरबा मुख्यालय का घेराव

## प्रभावित किसानों ने बैठक कर घेराव की बनाई रूपरेखा



**कोरबा।** एसईसीएल के बल्गी सुराकछार खदान के भूधसान से प्रभावित किसानों को विगत तीन वर्षों का फसल क्षतिपूर्ति मुआवजा देने की मांग को लेकर प्रभावित किसानों ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और छत्तीसगढ़ किसान सभा के साथ बैठक करने के बाद माकपा के नेतृत्व में एसईसीएल के कोरबा महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर 2 जनवरी को कोरबा मुख्यालय घेराव का नोटिस थमा दिया है।

ज्ञापन सौंपने में प्रमुख रूप से माकपा जिला सचिव प्रशांत झा,किसान सभा के नेता जवाहर सिंह कंवर,दीपक साहू,के साथ प्रभावित किसान महिपाल सिंह कंवर,गणेश राम चौहान उपस्थित थे।माकपा जिला सचिव प्रशांत झा और छत्तीसगढ़ किसान सभा के जिला अध्यक्ष जवाहर सिंह कंवर ने बताया कि बल्गी सुराकछार खदान के भूधसान के कारण सुराकछार बस्ती के किसानों की भूमि वर्ष 2009 से कृषि कार्य करने योग्य नहीं रह गई है। इससे किसानों को हुए भारी नुकसान को देखते हुए वर्ष 2019-20 तक का फसल क्षतिपूर्ति व मुआवजा एसईसीएल प्रबंधन को देना पड़ा है।लेकिन इसके बाद वर्ष 2020-21 से वर्ष 2022-23 तक का तीन वर्षों का मुआवजा अभी तक लंबित है। अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा द्वारा किसानों को हुए नुकसान का आंकलन कर क्षतिपूर्ति व मुआवजा देने के लिए एसईसीएल कोरबा प्रबंधन को पत्र देने के बाद भी किसानों की समस्याओं के प्रति एसईसीएल की उदासीनता और उसकी वादाखिलाफी के खिलाफ किसानों में काफी आक्रोश है ।आक्रोशित किसानों की बैठक सुराकछार बस्ती में हुई बैठक में बड़ी संख्या में प्रभावित किसान उपस्थित थे, किसानों ने बैठक में 2 जनवरी को एसईसीएल कोरबा मुख्यालय का घेराव करने की रूपरेखा बनाई है।

## बालको के सेवानिवृत कर्मी यूनुस का निधन

**कोरबा।** बालको से सेवानिवृत्त दुरपा रोड निवासी यूनुस राय का 65 वर्ष की आयु में 26 दिसंबर मंगलवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्र-पुत्री सहित नाती-पोते से भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार 27 दिसंबर बुधवार को दोपहर 2 बजे मेनोनाइट चर्च के पास मिशन रोड स्थित मिशन कंपाउंड कब्रिस्तान में किया जायेगा।

## कोविड-19 संक्रमित मरीज के उपचार हेतु जिले में आवश्यक तैयारियां की जा रही सुनिश्चित

**कोरबा।** जिले में कोविड-19 संक्रमण के रोकथाम हेतु आवश्यक तैयारी करते हुए स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय में कोरोना संक्रमित मरीज के उपचार हेतु 10 बिस्तर सुसज्जित आईसोलेशन वार्ड तैयार किया गया है। उक्त सभी 10 बेड ऑक्सीजन पाईप लाईन से जुड़े हुए हैं। साथ ही आईसोलेशन वार्ड में आवश्यक उपकरण वेंटिलेटर, बी-पैप, सी-पैपए ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर के साथ जीवनरक्षक दवाईयाँ की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। चिकित्सालय में 2 ऑक्सीजन प्लांट संचालित है। चिकित्सालय में पूर्व से ही संचालित वायरोलोजी लैब में आरटीपीसीआर रिएजेण्ट एवं किट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिससे कोरोना की जाँच निरंतर जारी है। साथ ही वार्ड में आवश्यक तैयारी जायजा लेने हेतु मॉक ड्रिल भी पूर्ण कर लिया गया है।

## जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 28 दिसंबर को

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री सौरभ कुमार की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 28 दिसंबर 2023 को दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में कोरबा जिले के वृहद जलाशयों एवं लघु जलाशयों में जल भराव की स्थिति, खरीफ सिंचाई उपलब्धि तथा रबी सिंचाई लक्ष्य का निर्धारण, खाद-बीज एवं कीटनाशक की उपलब्धता आदि अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। उक्त बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

## जिले में वर्ष 2024 के लिए स्थानीय अवकाश की तिथि घोषित

**कोरबा ।** वर्ष 2024 में जिले में रहने वाले स्थानीय अवकाश की घोषणा कर दी गई है। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने इस संबंध में जरूरी आदेश भी जारी कर दिए है। इस वर्ष जिले में तीन दिन स्थानीय अवकाश रहेगा। 02 सितंबर 2024 दिन सोमवार को पोला, 11 अक्टूबर 2024 दिन शुक्रवार को दशहरा (महानवमी) तथा 01 नवंबर 2024 दिन शुक्रवार को गोवर्धन पूजा के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

# विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार से चकीत है सभी नेता व कार्यकर्ता



**कोरबा।** जिला कांग्रेस कार्यालय टी पी नगर कोरबा में जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र रामपुर, पाली-तानाखार, कटघोरा विधानसभा का चुनावी समीक्षा किया गया जिसमें रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया ने रामपुर में कांग्रेस की जीत का श्रेय रामपुर क्षेत्र के जनता और मतदाताओं को देते हुए कहा कि रामपुर में मुझे कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ सभी समाजों का भरपूर समर्थन मिला जिसके तहत मुझे 93647 मत मिले और 22859 मतों से जीत दर्ज करने में सफलता मिली। कटघोरा के पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने कहा कि चुनाव में हार-जीत होती है लेकिन चुनाव के परिणाम आने के बाद जिन-जिन कारणों से हार हुई, उन कमियों को आने वाले समय में दूर करते हुए लोकसभा चुनाव की तैयारी में एकजुटता के साथ जुट जाना होगा।

पाली-तानाखार क्षेत्र से आये वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता राजकुमार महंत ने कहा कि पाली-तानाखार क्षेत्र को कांग्रेस के गण के रूप में जाना जाता है। इसके बावजूद यहां से कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा जो दुखद है। चुनाव के दौरान जो जो कांग्रेस कार्यकर्ता नाराज रहे और विरोध में कार्य किये उनके स्थान पर नये युवा चेहरों को मौका दिया जाना चाहिए। इस मौके पर कांग्रेस के अन्य पदाधिकारियों ने भी सुझाव दिया।

बैठक मे कांग्रेस स्थापना दिवस के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने बताया कि 28 दिसंबर 2023 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 138 वर्ष पूरे कर रही है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी एवं विकास के कार्य में भाग लेने वाली विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस है। 28 दिसंबर को जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालय सहित सभी वार्ड व मतदान केन्द्रों में प्रातः 9 बजे पार्टी का झंडा फहराते हुए हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया जावेगा।

ब्लॉक अध्यक्ष दुष्यंत ने बताया कि कांग्रेस स्थापना दिवस कार्यक्रम में कांग्रेस का इतिहास, विचारधारा, कांग्रेस की योजनाएं आदि विषयों पर प्रकाश डाला जाये तथा क्षेत्र के समस्त कांग्रेसजनों को आमंत्रित किया जाए।

जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं महापौर राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि कांग्रेस के 138 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सभी कांग्रेसजनों को बेहतर भारत के लिए दान करना है जिसके तहत ऑनलाइन क्राउड फंडिंग अभियान शुभारंभ किया गया है। इसके अलावा कांग्रेस कार्यालय में अपना योगदान दे सकेंगे तथा घर-घर जा कर भी कांग्रेसजनो के साथ-साथ आम जनों का योगदान सुनिश्चित करना है।

उन्होंने आगे बताया कि बेहतर भारत के लिए दान अभियान के तहत अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस संगठन ने 138 रू, 1380 रू, एवं 138000 रूपये का योगदान सुनिश्चित किया है।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) प्रभा सिंह तंवर ने बताया कि 28 दिसंबर को पार्टी की 138 वीं वर्षगांठ के अवसर पर नागपुर में है तैयार हम के तहत मेगा रैली होगी जिसमें देश भर से 5 लाख से अधिक कांग्रेस नेता रैली में भाग लेंगे। कोरबा जिले से भी सैकड़ो कांग्रेस पदाधिकारी रैली मे हिस्सा लेने नागपुर जा रहे है।

बैठक मे तनवीर अहमद, समरन सिंह कंवर, तैयन भाई प्रभारी, दौलत राम राठिया, राजू खत्री, अमरनाथ कैवर्त, रश्मि सिंह, संतोष राठौर, लक्ष्मी देवांगन, गोरेलाल यादव, राजेन्द्र तिवारी, दुर्गा महतो, महेन्द्र सिंह चौहान, सीताराम चौहान, बद्री किरण, देवीदयाल सोनी, बसंत चन्द्रा, रोपातिर्की, अनुज जायसवाल, कृपाराम साहू, प्रदीप जायसवाल, सुकसागर निर्मलकर, गीता महंत, रामगोपाल यादव, राकेश पंकज, अमित सिंह, पुष्पा पात्रे, महेन्द्र निर्मलकर, रमेश नवरंग, इकबाल कुरैशी, क्रांति सोनी, द्रोपति तिवारी, श्यामा प्रजापति, मनीषा अग्रवाल, त्रिवेणी मिरी, पुष्पा यादव, मधु सिंह, संजू अग्रवाल, राजेश यादव, कमलेश गर्ग, पवन विश्वकर्मा, आरिफ खान, विनय उपाध्याय, अर्जुन कंवर, फैयाज अंसारी, तारकेवश्वरी मिश्रा, लखन लाल सहिस, रमेश कुमार, चन्द्रहास राठौर, राजकुमार, मनबोध चौहान, रामचरण, लक्ष्मण लहरे, फिरोज अनंत, छतरा जांगडे, आबिद अख्तर, बुद्धेश्वर प्रसाद, व्यास राम साहू, ओंकार महंत, नंद किशोर, अजीत बर्मन, नरोत्तम दास, डॉ. ओम प्रकाश, संतोषी महं, रोशन जायसवाल सहित भारी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थिति थे।

## हसदेव बचाव के लिए चलाया अभियान

**कोरबा।** जिले में श्रीकृष्णा सेवा समिति के जिला अध्यक्ष महावीर यादव के नेतृत्व में सदस्यों के द्वारा कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में ग्राम हरदीबाजार में चल रहे मडई मेला के बीचो-बीच हसदेव बचाओ के पोस्टरों को हाथ में लेकर चार से पांच घंटे तक खड़े रहे।श्री यादव ने बताया कि संगठन ने हरदीबाजार मडई मेला में हसदेव बचाओ जन जागरूकता अभियान चलाया है। हम लोगों को यह संदेश देना चाहते हैं कि हसदेव को बचाना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि हसदेव जंगल के कट जाने से हसदेव जंगल में रहने वाले आदिवासी लोग और वन्य जीव का जीवन खतरे में पड़ जायेगा। संस्थान की रिपोर्ट के अनुसार लगभग 10000 परिवार हसदेव जंगल में निवासरत है। हसदेव जंगल में रहने वाले वन्य जीव अपने घर से बेघर हो जाएंगे। हसदेव जंगल में अनेकों प्रकार की पाए जाने वाली औषधि वाले पेड़ नष्ट हो जाएंगे।महावीर यादव ने



आगे कहा कि हसदेव जंगल की कट जाने से बांगो डैम पर बहुत ही ज्यादा प्रभाव पड़ेगा। बांगो डैम के पानी का स्तर धीरे-धीरे कम हो जाएगा। हसदेव बांगो बांध से सिंचाई हो होने वाले क्षेत्र के किसानों को किसानी करने पर बहुत ही ज्यादा परेशानी होगी। इसलिए हसदेव को बचाना अत्यंत आवश्यक है।इस अवसर पर श्री कृष्ण सेवा समिति के सदस्य मनीष कुमार यादव, के.सी. कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# भारतीयता की रक्षा के लिए संकल्प का प्रतीक है बीर बाल दिवसःडा. राजीव

**कोरबा ।** उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशन में शासकीय इंजीनियर विश्वेसरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा के अम्बेडकर हॉल में बौद्धिक विचार गोष्ठी, प्रश्नोत्तरी, कविता, भाषण, विचार अभिव्यक्ति जैसे विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर वीर बाल दिवस डॉ. राजीव सिंह जिलाध्यक्ष भाजपा कोरबा के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुश्री ऋतु चौरसिया, वार्ड क्रमांक 13 पार्षद प्रतिनिधि व प्रदेश मंत्री ओबीसी मोर्चा बीजेपी तथा निखिल शर्मा, अधिवक्ता व पार्षद प्रतिनिधि वार्ड क्रमांक 28 उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ. राजीव सिंह ने बौद्धिक विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। हमें ऐसे वीर बलिदानों के शहादत को याद कर नए पीढ़ी को प्रेरित करना चाहिए। अत्यंत अल्पायु में साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की राष्ट्रभक्ति व धर्मनिष्ठा अनुकरणीय है। हमें अपने परेशानियों से घबराना नही बल्कि उन्हें बताएं कि हमारा हौसला कितना बड़ा है। हम सभी एक दूसरे के धर्म का सम्मान करें। बच्चों को बचपन से सिखाना चाहिए कि वे भारतीय हैं, उनके अन्दर देशभक्ति की गहरी भावना को विकसित करना चाहिए।

सुश्री ऋतु चौरसिया ने कहा कि हमारा देश वीर सुपुत्रों भरा पड़ा है, जरूरत है उनकी शहादत को याद कर हम युवाओं और किशोरों तक उनकी जीवनगाथा को पहुंचाएं। निखिल शर्मा अधिवक्ता और पार्षद प्रतिनिधि वार्ड क्रमांक 28 ने कहा कि उनकी दृढ़ता, साहस और आक्रांताओं के अन्याय के विरुद्ध धर्म के लिए बलिदान हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम में एनएसएस और एनसीसी कैडेट्स द्वारा वीर रस की कविता और विचारों को रखा गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था प्राचार्य डॉ. साधना खरे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि वीर बाल दिवस मनाए जाने का प्रमुख उद्देश्य बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को याद कर उनके प्रति श्रद्धांजली अर्पित करना है। साथ ही विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से युवाओं में देशवासियों, महिलाओं एवं राष्ट्रनिर्माण के लिए योगदान एवं मूल्यों को स्थापित करना और सुदृढ़ बनाना है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन संयोजक डॉ. बी.एल. साय एवं संचालन कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार पटेल ने किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राध्यापक अल्का श्रीवास्तव, डॉ. एस.के. गोभिल, डॉ.पुर्णिमा साहू, रितू सिन्हा, अमोला कोर्राम, सुशील कुमार अग्रवाल, दीप्ति मिश्रा, श्वेता कुशवाहा, ऑफिस स्टॉफ में रजिस्ट्रार के.एल. देवांगन, हॉस्टल अधीक्षक के.एस. कंवर, डी.के. साहू, आशुतोष तिवारी, के.एल. टंडन, श्रीमती राधा कुर्रे, सुरेश कुमार श्रीवास, स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय कोरबा से धनसाय देवांगन, आदर्श महाविद्यालय कोरबा से बी.आर. शर्मा, एनएसएस कैडेट्स जिया सोनी, कनीज फातिमा, अंजू, शाहीन बाणों, संध्या मरावी, निशा मिश्रा, अंजलि महंत, देवेंद्र कुमार, सत्येंद्र मरावी, धर्मेंद्र कुमार गंधर्व, निखिल साहू, हुमांशु साहू, हर्षवर्धन टंडन, एनसीसी कैडेट्स निकेश जायसवाल इत्यादि का सराहनीय एवं महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## भाजपा में बढ़ी गुटबाजी

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी 5 वर्ष के वनवास के बाद पुनः सत्ता में वापस आ गई है। इसके साथ ही भाजपा में कई नेता सक्रिय हो गए हैं और कई पार्टी में प्रवेश कर रहे हैं, इसे लेकर अब गुटबाजी देखने को मिल रही है।पाली तानाखार विधानसभा में भी विगत दो दशक से भाजपा तीसरे स्थान पर है, हालांकि इस बार उनके प्रत्याशी रामदयाल उइके ने जीत हार का अंतर काफी हद तक कम कर दिया है।इसे लेकर भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित भी हैं। सरकार में आने के बाद उइके को बड़े पद मिलने की उम्मीद भी जताई जा रही है. विष्णु देव साय के रूप में मुख्यमंत्री मिलने के बाद उस दौर में उनके साथ रहे पाली क्षेत्र कई वरिष्ठ भाजपा नेताओ को भी मानो संजीवनी मिल गई है.जो पार्टी में उपेक्षित महसूस कर हाशिये में चले गए थे, वे अचानक सक्रिय हो गए हैं. जो संगठन से जुड़े पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को नागवार गुजर रहा है,गुट बाजी की एक बानगी गत दिनों दिखाई दी.जब मंत्री बनने के बाद प्रथम नगर आगमन पर लखन देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल और विधायक प्रेमचंद पटेल के स्वागत और अभिनंदन कार्यक्रम में भाजपा के दो गुट द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम का आयोजन किया गया था

# खरीददार नहीं मिल रहे गोबर से बने पेंट को , बड़ी धनराशि फंसी अधर में

**जांजगीर चांपा।** रीपा गोठान में गोबर पैंट बनाने का कारोबार ठप पड़ गया है। पूर्ववर्ती सरकार के इस काम में महिला स्व सहायता समूह को आजीविका के काम मिला था वह भी ठप है साथ ही उनके उत्पाद की बिक्री भी ठप पड़ गई है। इसके चलते महिला स्व सहायता समूहों के माथे पर चिंता की लकीरें दिखाई पड़ रही है। दरअसल, पूरा मामला बम्हनीडीह ब्लाक के गौरव ग्राम अफरीद का है। जहां महिला स्व सहायता समूह ने आजीविका के साधन के लिए 16 लाख रुपए का गोबर पैंट का निर्माण किया था। जब कांग्रेस की सरकार थी तो पैंट की बिक्री भी धड़ल्ले से हो रही थी। डिमांड व आपूर्ति के हिसाब से महिला स्व सहायता समूहों ने धड़ाधड़ गोबर पैंट का निर्माण तो कर दिया,



लेकिन अब इनके उत्पाद की डिमांड ठप पड़ गया है। इसके चलते उनके उत्पाद गोदाम में धूल खाते पड़ी है। गौरव ग्राम अफरीद में विश्वा महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष राजेश्वरी नागेश बताया कि रीपा शेड में गोबर पेंट का निर्माण किया। इन्होंने 16 लाख 39 हजार रुपए का गोबर पेंट का निर्माण किया, लेकिन उनके 16 लाख के गोबर पेंट में अब तक केवल 5 लाख 51 हजार रुपए की आय हुई है। शेष 11 लाख रुपए का गोबर पेंट शेड में ही धूल खाते पड़ी है। क्योंकि सरकार बदलते ही इनके द्वारा निर्मित पेंट की बिक्री ठप पड़ गई है। अब इन्हें इस बात की चिंता सता रही है कि उनके बचे 11 लाख रुपए के पेंट की बिक्री होगी या नहीं, यदि पेंट की बिक्री नहीं हुई तो उन्हें बड़ा नुकसान होगा।

## चोरी-छिप्पे बेचता था शराब... पुलिस ने बरामद की लाखों की कीमत, गिरफ्तार

**जांजगीर चांपा।** अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री करने वाले आरोपी को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 1 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही 25 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया। अभियोजन के अनुसार आरोपी राजकुमार गोंड़ (32) निवासी कोटमीसोनार बड़ेअमेरी थाना अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा के कब्जे से 20 सितंबर को अलग-अलग जेरिकेन में रखे अवैध कच्ची महुआ शराब 80 लीटर बरामद किया गया।
जिसकी कीमती 8 हजार रुपए बताई गई। आरोपी के खिलाफ थाना अकलतरा में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था।

# गांवों व नदी किनारे सरकारी जमीन को अतिक्रमण से बचाने लगाया झंडा किया चिह्नांकित

**जांजगीर।** जिले में सरकारी जमीन को अतिक्रमण से बचाने के लिए लाल झंडा अभियान चलाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय जमीनों पर लाल झंडा लगाकर उन्हें अतिक्रमण से बचाने के लिए राजस्व विभाग जमीन को चिह्नांकित करेगा। यह निर्देश टीएल की बैठक में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने राजस्व विभाग के अफसरों को दिए हैं।

जमीन अतिक्रमण संबधित विवाद गांव में बढ़ने लगा है। अलग अलग जगहों में शासकीय जमीन में अतिक्रमण करने की शिकायत सामने आती रहती है। जनदर्शन, तहसील कार्यालय में आए दिन शासकीय जमीन में अतिक्रमण हटाने की मांग होती है या सरकारी जमीन में कब्जा करने की शिकायत होती रहती है। अधिकारी शिकायत के बाद जमीन से जब कब्जा हटाने की कार्रवाई करते है तो कई बार विवाद भी होता है। इस विवाद से संकेतक बोर्ड की ली गई जानकारी

जिले इन दो महीने के भीतर कई गंभीर सड़क हादसे हुए हैं, जिसमें दर्जन भर से अधिक लोगों की जान गई है। कलेक्टर ने जिले की सड़कों पर हो रहे हादसे से बचाव के लिए पूर्व में बैठक लेकर स्कूल, कॉलेज और घुमावदार मोड़ के पास सुरक्षा व्यवस्था करने के लिए कहा था, जिसके संबंध में जानकारी ली है। उन्होने इंटर सेक्शन में रिफ्लेक्टर व संकेतक बोर्ड लगाने की जानकारी ली व जिला परिवहन अधिकारी को प्रति सप्ताह प्रगति रिपोर्ट देने के लिए कहा है। ताकि जानकारी मिल सके। बचने और शासकीय अतिक्रमण रोकने के लिए कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने ग्रामीण क्षेत्रों तथा नदी किनारे शासकीय जमीन पर किए गए अतिक्रमित जमीनों पर लाल झंडा लगाकर चिह्नांकित करने और अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ताकि जमीन का सदुपयोग हो सके।

**धान खरीदी केन्द्र में व्यवस्था सुधारने कहा**

कलेक्टर ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कहा कि एसडीएम, तहसीलदार, नोडल अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को सप्ताह में दो बार धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया जाना है एवं साप्ताहिक निरीक्षण रिपोर्ट तैयार करना है। केन्द्र में किसानों को धान बेचने में परेशानी न हो इसका ध्यान रखते हुए बारदाने की व्यवस्था करने कहा है।



## अवैध परिवहन एवं उत्खनन करते पाये जाने पर वाहन जब्त

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में खनिज विभाग के सहायक उड़नदस्ता प्रभारी के द्वारा जिला-जांजगीर चांपा के शिवरीनारायण तहसील के ग्राम भोगहापारा का औचक जाँच किया गया।

खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि के शिवरीनारायण तहसील के ग्राम भोगहापारा में खनिज रेत का अवैध उत्खनन करते हुए पाये जाने पर चैन माउण्टेन R 210 एवं JCB R.- CG 11 AX 2716 को जप्त कर अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरन्तर जांच किया जा रहा है। अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेते हुए विभागवार समय सीमा के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली तथा उनका तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा शासन का महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत केन्द्र शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रचार-प्रसार वैन के माध्यम से जागरूकता लाने एवं शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं से जनसामान्य को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए। सभी अधिकारी जमीनी स्तर पर शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए फील्ड में कार्य करें। उन्होंने संकल्प यात्रा में जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों तथा नदी किनारे शासकीय जमीन पर किये गये अतिक्रमित जमीनों पर लाल झंडा लगाकर चिन्हांकन करने तथा अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी एसडीएम, तहसीलदार, नोडल अधिकारी सहित संबंधित




अधिकारियों को सप्ताह में दो बार धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण करने एवं साप्ताहिक निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बारदाने की स्थिति, धान उठाव की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने स्कूल, अस्पताल, घुमावदार मोड़ एवं इन्टर सेक्शन में रिफ्लेक्टर एवं सांकेतिक बोर्ड लगाने की जानकारी ली एवं जिला परिवहन अधिकारी को प्रति सप्ताह प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी सरकारी एवं प्राईवेट स्वास्थ्य केन्द्रों को बायोमेडिकल वेस्ट का उचित डिस्पोजल करने के निर्देश दिए एवं उचित डिस्पोजल नहीं करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को जिले के जनसूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी के ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीयन समय सीमा पर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महात्मा गांधी नरेगा के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की जानकारी ली।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से समय सीमा के बाहर के लंबित प्रकरण, विवादित नामांतरण, अविवादित नामांतरण, सीमांकन, नक्शा बटांकन अन्य राजस्व कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए समय सीमा में शीघ्र निराकरण करने निर्देश दिए हैं। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरण, जनदर्शन तथा जन शिकायत के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में मनरेगा, पीएम आवास, एसबीएम, आधार सीडिंग, जल-जीवन मिशन, आयुष्मान कार्ड, वन विभाग, समाज कल्याण सहित विभिन्न अन्य विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, जिला पंचायत सीईओ आर के खुंटे, सर्व एसडीएम सहित जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## ड्रोन तकनीक के माध्यम से तरल यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन

**सक्ती।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत भवन खुजरानी, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन करौवाडीह (मुरलीडीह), शासकीय प्राथमिक शाला भवन कलमीडीह, शासकीय प्राथमिक स्कूल भवन बुंदेली, हाई स्कूल ढिमानी, प्राथमिक शाला चमराबरपाली, प्राथमिक शाला खैरा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन कोमो और शासकीय प्राथमिक स्कूल भवन सराईपाली में शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर में शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद स्थापित करते हुए जरूरतमंद लोगों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। कृषि विभाग के उपसंचालक शशांक शिंदे ने कहा कि विकास खंड जैजैपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम खम्हारडीह में किसान शेषनारायण चंद्रा पिता वृक्ष राम चंद्रा के सब्जी फसल लौकी रकबा 1 हेक्टर में ड्रोन तकनीक के माध्यम से तरल यूरिया के छिड़काव का जीवंत प्रदर्शन किया।

## दूसरे दिन मलबा हटाने पहुंचे तो मोहल्लेवासियों ने किया जमकर विरोध

**जांजगीर चांपा।** बेजाकब्जा तोड़ने के दूसरे नपा की मलबा हटाने पहुंचे तो मोहल्लेवासियों ने जमकर हंगामा किया। मलबा हटाने से विरोध करते हुए मना कर दिया। इसके बाद एसडीएम, तहसीलदार की टीम पहुंची। बाद में समझाइश देने के बाद मोहल्लेवासी शांत हुए। इसके बाद मलबा को हटाया गया।

शहर के वार्ड 5 सिंधी धर्मशाला के पास वाली गली में नपा की टीम बेजाकब्जा तोड़ने सोमवार दोपहर में अचानक कार्रवाई की गई। आरोप है कि अधिकारी बिना किसी पूर्व सूचना अथवा नोटिस के मौके पर अचानक पहुंचा और पीड़ितों को बगैर समय दिए उनके मकान और अहाता पर बुलडोजर से कार्रवाई शुरू कर दिया। पत्रिका ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया। इसके बाद दूसरे नपा की टीम जेसीबी लेकर मलबा हटाने पहुंची तो मोहल्लेवासी हंगामा करने लगे की अपने जमीन के मकान बनाने के बाद भी कार्रवाई की गई है। न्याय मिले और बेजाकब्जा तोड़ने की कार्रवाई सभी मकानों पर किया जाए। काफी देर हंगामा के बाद पटवारी, नायब तहसीलदार की टीम पहुंची। सड़क की नापजोख किया गया। इसके बाद चांपा एसडीएम भी मौके पर पहुंचे और मोहल्लेवासियों को समझाइश देने लगे। इसके बाद मोहल्लेवासी शांत हुए और मलबा को हटाया गया।

# नई चेतना - जेंडर अभियान 2.0 पर जिला स्तरीय बैठक का आयोजन

## लैंगिक असमानता दूर करने विभिन्न विषयों की दी गई जानकारी


**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में लैंगिक असमानता दूर करने भारत सरकार द्वारा शुरू की गई ''नई चेतना - जेंडर अभियान 2.0'' जिला स्तरीय बैठक आज जिला पंचायत सभागार जांजगीर में किया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री आर के खुंटे ने कहा यह विषय बहुत ही गंभीर है। सोच, व्यवहार, मानसिकता में बदलाव बहुत जरूरी है। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, स्कूल शिक्षा विभाग, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास, श्रम तथा वन विभाग सहित संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए।




बैठक में लिंग आधारित भेदभाव, घरेलू हिंसा इत्यादि पर ग्रामीण परिवारों में समझ विकसित करने के लिए राष्ट्रीय अभियान ''नई चेतना - जेण्डर अभियान 2.0'' प्रारंभ किया गया है। अभियान का क्रियान्वयन 4 दिसम्बर से 31 जनवरी 2024 तक किया जायेगा। बैठक में बताया गया कि लैंगिक हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने तथा महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने एवं उनका सहयोग करने की शपथ भी ली। कार्यशाला में लैंगिक हिंसा के मामलों में उपलब्ध कराई जाने वाली नि:शुल्क कानूनी सहायता के बारे में 'बिहान' की दीदियों को जानकारी दी गई। बैठक में ''नई चेतना - जेण्डर अभियान 2.0'' के अंतर्गत 'बिहान' द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। बैठक में डीएफओ श्री मनीष कश्यप, उप संचालक समाज कल्याण टी पी भावे, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थे।

**नुक्कड़ नाटक का किया गया मंचन -**

इस दौरान ज्ञान गंगा संकुल संगठन (बिहान की महिलाओं) जेंडर मास्टर ट्रेनर पामगढ़ द्वारा द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लिंग भेद को दंडनीय अपराध बताते हुए लोगों को जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक में महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी भी दी गई। इस दौरान लिंग भेद, संस्थागत प्रसव, शिक्षा, मासिकधर्म सहित विभिन्न विषयों पर अवगत कराया गया। इसके अलावा बुनकी अंचल पामगढ़, लक्ष्मी टंडन केसला, श्रीमती राजेश्वरी साहू ने अपने अनुभव साझा किए। स्वसहायता समूह की सदस्य सुनीता खुंटे ने प्रोत्साहन गीत प्रस्तुत किया।




## मेला देखकर लौट रहे युवकों की बाइक दूसरे बाइक से टकराई, एक की मौत

**बिलासपुर।** सीपत क्षेत्र के ग्राम अदराली-जेवरा रोड में दो बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। एक युवक को गंभीर चोटे आई है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। जांजगीर-चांपा जिले के सांकर में रहने वाले शंकर आयम रोजी मजदूरी करते हैं।

रविवार को वे अपने दोस्तों के साथ कोरबा जिले के हरदीबाजार मेला देखने के लिए गए थे। मेले में घूमने के बाद वे अपने दोस्त मांगेश्वर वर्मा की बाइक में बैठकर गांव लौट रहे थे। बाइक सवार युवक सीपत क्षेत्र के ग्राम अदराली में जेवरा मोड़ के पास पहुंचे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे बाइक के चालक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

हादसे में मांगेश्वर के सीने और सिर में गंभीर चोटे आई। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, शंकर को गंभीर चोटें आईं। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को देकर घायलों को अस्पताल भेजा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम कराया है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बिना परीक्षण के अमृत सरोवर योजना का भुगतान कर दिया कार्य एजेंसी, उठे सवाल

**जांजगीर चांपा।** पामगढ़ ब्लॉक में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना अमृत सरोवर योजना एक बार फिर से विवादों में घिर गई है। पहले भी अमृत सरोवर योजना के तहत ग्राम पंचायत तनौद और मेकरी में कागजों में ज्यादा काम दिखाकर गड़बड़ी सामने आ चुकी है। जिसमें चार कर्मचारी बर्खास्त हुए थे।

पामगढ़ ब्लॉक में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना अमृत सरोवर योजना एक बार फिर से विवादों में घिर गई है। पहले भी अमृत सरोवर योजना के तहत ग्राम पंचायत तनौद और मेकरी में कागजों में ज्यादा काम दिखाकर गड़बड़ी सामने आ चुकी है। जिसमें चार कर्मचारी बर्खास्त हुए थे। एक बार फिर भी पामगढ़ जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत भवतरा, पेण्ड्री, पनगांव समेत अन्य पंचायतों में अमृत सरोवर योजना में इसी तरह की गड़बड़ी उजागर हो रही है जहां मौके पर खानापूर्ति काम हुआ है फिर भी जांच दल ने आंख मूंदकर कागजों में सब काम ओके बता दिया है और पंचायतों को लाखों रुपए का मजदूरी भुगतान भी हो गया है। इन पंचायतों में अमृत सरोवर योजना में हुई गड़बड़ी की लिखित शिकायत ग्राम बुदेंला निवासी सतीश कुमार सिन्हा ने जिला कलेक्टर से की है। गौरतलब है कि गांवों में ग्रामीणों को बेहतर निस्तारी, जल संवर्धन और तालाबों को बचाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार केद्वारा अमृत सरोवर योजना चलाई जा रही है। इसके लिए गांवों में नया तालाब बनाने के अलावा पुराना तालाबों को गहरीकरण का काम किया जा रहा है। यह काम मनरेगा के तहत कराया गया है।

शिकायत के बाद लीपापोती का खेल शुरु हो गया है। जिन-जन पंचायतों की शिकायतें हुई हैं वहां जनपद पंचायत पामगढ़ के अधिकारी, इंजीनियर



लगातार पहुंच रहे हैं और नाप-जोख करने में लग गए हैं। अवकाश के दिन भी गांवों में जाकर दौरा रहे हैं। विगत रविवार को ग्राम पेण्ड्री में अमृत सरोवर के तहत जो चार तालाब का निर्माण हुआ है वहां पहले से मौके पर सरपंच प्रतिनिधि समेत आधा दर्जन ग्रामीण पहुंचे थे। तकनीकी सहायक हिमांशु गुप्ता व रोजगार सहायक कुछ लिखा-पढ़ी कर रहे थे। पत्रिका टीम जब वहां पहुंची तो रविवार अवकाश के दिन भी पहुंचकर नाप-जोख किसके आदेश में करने की जानकारी चाही गई तो उनका क्षेत्र होने के कारण रोज इसी तरह सभी जगह जाने का हवाला दिया गया और फिर वहां से चुपचुप चलते बने। बताया जा रहा है कि शिकायत के बाद मामले में अफसरों ने लीपापोती का खेल शुरु कर दिया है ताकि उनकी गड़बड़ी उजागर न हो। इधर शिकायतकर्ता के मुताबिक अफसरों के द्वारा शिकायत वापस लेने लगातार दबाव बनाया जा रहा है।

भवतरा-पामगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत भवतरा में अमृत सरोवर के तहत 22-23 में नया तालाब निर्माण के लिए 18.20 लाख की स्वीकृति दी गई। कार्य स्थल पर लगभग 50 गुणित 50 गुणित 1 मीटर ही खुदाई हुई है। यहां मजूदरी खर्च 14 लाख 50 हजार किया गया है जबकि कार्य में 4 से 5 लाख से ज्यादा खर्च होना नजर नहीं आ रहा। नया तालाब बनाने की आड़ में भैसा धोवा डबरी बनाया गया है।

**न्यायालय अधीक्षक भू-अभिलेख (परिवर्तित भूमि शाखा) कोरबा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

क्रमांक/3981/अ.भू.अ.(परि.शा.)/वाचक/ 2023
कोरबा, दिनांक 22.12.2023

रा.प्र.क्र.-50/अ-2/2023-24
ग्राम- अगारखार, प.ह.नं.-25
तह.-दर्री, जिला- कोरबा(छ.ग.)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र.50/ अ-2/ 2023-24 आवेदक श्री केशव कुमार अग्रवाल पिता स्व.श्री हरिराम अग्रवाल, निवासी- श्याम सुपर बाजार कोरबा, जिला-कोरबा के द्वारा ग्राम-अगारखार, प.ह.नं. 25, तहसील-दर्री, जिला-कोरबा स्थित भूमि ख.नं. 463/2/क शामिल (464/1, 465/1) रकबा 0.021 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 06.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील

अधीक्षक भू-अभिलेख परि.भू.शा.
जिला- कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार जांजगीर जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

क्रमांक/ /तह./वा./जन्म-मृत्यु/2023 जांजगीर, दिनांक / /2023

**जन्म प्रमाण पत्र**

रा.प्र.क्र.- /ब-121/2022-23
ग्राम-पुटपुरा

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम पुटपुरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनजय पिता राधेश्याम साकिन ग्राम- पुटपुरा तहसील-जांजगीर, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं. ..... ग्राम पुटपुरा में अपने/अपनी पुत्र मन्नू लाल के जन्म दिनांक 7.5.2006 को होने से जन्म पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 10.01.2024 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार न करते हुए आवेदक के जन्म पंजीयन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 3.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जांजगीर

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार जांजगीर जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

क्रमांक/ /तह./वा./जन्म-मृत्यु/2023 जांजगीर, दिनांक / /2023

**मृत्यु प्रमाण पत्र**

रा.प्र.क्र.- /ब-121/2022-23
ग्राम-पुटपुरा

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम .... को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनजय पिता राधेश्याम साकिन ग्राम- पुटपुरा तहसील-जांजगीर, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं. ..... ग्राम पुटपुरा में अपने/अपनी राधेश्याम के मृत्यु दिनांक 25.10.2021 को होने से मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 10.01.2024 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार न करते हुए आवेदक के मृत्यु पंजीयन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 3.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जांजगीर

# बाल गृह में किया गया वीर बाल दिवस का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालको के लिए संचालित बाल देखरेख संस्था हेल्प एंड हेल्प समिति बालक बाल गृह में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 15 वर्ष से 18 वर्ष के बालको द्वारा निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, पठन सस्वर पाठ एवं एकल गायन प्रतियोगिता में भाग लिया गया गतिविधियो का उद्देश्य युवाओ और किशोर में देश वासियो, महिलाओ, एवं राष्ट्र निर्माण के लिए योगदान एवं मुल्यो को स्थापित करना और सुदृढ बनाना है। विशेषकर स्वतंत्रता सेनानियो एवं प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से पुरस्कृत पूर्व विजेताओ के अनुभवो को साझा करना है। बाल देखरेख संस्था में निवासरत प्रतिभागी बालको को डीएफओ मनीष कश्यप, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आर के खुंटे एवं जिला कार्यकम अधिकारी महिला एंव बाल विकास श्रीमती अनिता अग्रवाल द्वारा पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के जिला अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास, एवं बालगृह के अधीक्षक एवं समस्त स्टाफ शामिल थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से दी जा रही योजनाओं की जानकारी, हितग्राहियों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

## नागरिकों ने लिया विकसित भारत बनाने का संकल्प

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन आज जिले के नवागढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बोरदा, कामता, पामगढ़ जनपद पंचायत सिर्री, हिर्री, अकलतरा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत नरियरा, सोनसरी, बम्हनीडीह जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कपिस्दा, बंसुला, बलौदा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सोनबरसा, कुरमा एवं नगरीय निकाय चांपा के वार्ड क्र. 18 भोजपुर बाजार और वार्ड क्र. 20 भालेराव मैदान के पास चांपा में पहुंचा और अधिकारियों-कर्मचारियों ने नागरिकों को शासकीय योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभन्वित किया जा रहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिकजन उपस्थित हुए जिन्हें भारत को विकसित भारत बनाने के लिए संकल्प भी दिलाया गया।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को इन ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय में पहुंचेगी -**



विकसित भारत संकल्प यात्रा 27 दिसम्बर को जिले के नवागढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत गोधना, कुरियार, जनपद पंचायत बलौदा के ग्राम पंचायत बगडबरी, हरदीविशाल, जनपद पंचायत अकलतरा के ग्राम पंचायत आरसमेटा, परसदा, जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत धनगांव, भिलौनी एवं नगरीय निकाय नैला के रेलवे स्टेशन के पास नैला और सीमार्ट के पास कचहरी चौक जांजगीर में आयोजित किया जाएगा।

## अनमोल वचन

**अगर ठान लो तो जीत है और मान लो तो हार है..!**

# भारत तक पहुंची आंच

*हूती का कहना है कि जब तक गजा में इजराइली कार्रवाई नहीं रुकती, उसके हमले जारी रहेंगे। इससे समुद्री परिवहन पर निर्भर विश्व अर्थव्यवस्था के लिए नया संकट पैदा हो गया है। इस संकट की आंच अब भारत तक पहुंच गई है। दो दिन में भारत आ रहे जो समुद्री मालवाहक जहाज हमले का निशाना बने। पहला हमला हिंद महासागर में हुआ, जिसके साथ पहली बार इजराइल-फिलस्तीन युद्ध से बन रहे हालात का विस्तार लाल सागर से बाहर तक देखने को मिला। दूसरा हमला लाल सागर में ही हुआ। हमले किसने किए, इस पर रहस्य बना हुआ है। पहले हमले के लिए अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सीधे ईरान को जिम्मेदार ठहराया है। दूसरे हमले के संबंध में पहले शक यमन के हूती गुट पर गया, लेकिन बाद में हूती ने आरोप लगाया कि भारतीय जहाज एमवी साईं बाबा अमेरिकी फायरिंग का शिकार बना। लाल सागर हूती समूह के हमलों की वजह से जहाजों के आवागमन के लिहाज से लगातार असुरक्षित बना हुआ है। हूती ने एलान कर रखा है कि जिस किसी जहाज का इजराइल से किसी प्रकार का संबंध होगा, उसे वह निशाना बनाएगा। अपनी इस चेतावनी पर उसने अमल भी किया है। नतीजा है कि बहुत सी जहाजरानी कंपनियों ने अपने मालवाही जहाजों के रूट बदल दिए हैं। इससे परिवहन की अवधि लंबी हो गई है। यूरोप में इस वजह से महंगाई का नया दौर आने की आशंकाएं भी गहराई हुई हैं। चूंकि पूरे पश्चिम एशिया में गजा में जारी इजराइली नरसंहार के कारण भारी गुस्सा है, इसलिए ऐसे हमलों से यमन में अपनी वैधता के लिए संघर्षरत हूती समुदाय को भारी सहानुभूति मिल रही है। इसी का नतीजा है कि जब अमेरिका ने जहाजों को सुरक्षा देने के लिए बहुराष्टीय नौ सैनिक इंतजाम करने की पहल की, तो उसे उस क्षेत्र में बहरीन के अलावा के किसी और का साथ नहीं मिला। बल्कि बाद में फ्रांस और स्पेन ने भी उस प्रयास से दूरी बना ली। इस बीच हूती लगातार धमकी दे रहे हैं कि अगर अमेरिका ने उन पर हमला किया, तो वे लाल सागर को उसकी कब्रगाह बना देंगे। हूती का कहना है कि जब तक गजा में इजराइली कार्रवाई नहीं रुकती, उसके हमले जारी रहेंगे। इससे समुद्री परिवहन पर निर्भर विश्व अर्थव्यवस्था के लिए नया संकट पैदा हो गया है। इस संकट की आंच अब भारत तक पहुंच गई है।*

## राशिफल

**मेष राशि-** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपका काम आसानी से पूरा होगा। किसी काम को पूरा करने या किसी योजना की शुरुआत करने के लिए आज का दिन बढ़िया है। आप जीवनसाथी के साथ किसी वैवाहिक उत्सव में शामिल होंगे।

**वृष राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको अपने गुस्से पर काबू रखने की जरूरत है, नहीं तो कुछ लोग आपकी बातों का विरोध कर सकते हैं। आज काम से छुटकारा पाकर बच्चों के साथ समय बिताएंगे। इस राशि के कर्मचारियों को आज ऑफिस में बॉस से वाहवाही मिल सकती है। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन ठीक रहेगा।

**मिथुन राशि-** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। इस राशि के सरकारी एग्जाम की तैयारी करने वाले स्टूडेंट्स को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप जहां जरुरत लगे, वहां समझौता करने के लिए तैयार रहेंगे।

**कर्क राशि-**आज आपका दिन नयी उमंगो से भरा रहेगा। आप जितनी मेहनत करेंगे उसके अनुकूल आपको लाभ मिलेगा। आपके संतान की सफलता पर बाधाइयां देने लोग आपके घर आएंगे। अगर काफी दिनों से आपका पैसा रुका है तो आज मिल जायेगा। आज आपके दैनिक कार्य आसानी से पूरे हो जाएंगे। आज घर में आप स्वादिष्ट भोजन का आन्नद उठायेंगे।

**सिंह राशि-** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। इस राशि के लोगों को अपनी सेहत का ध्यान रखने की ज़रूरत है। साथ ही रिश्तेदारों के साथ अपने रिश्तों को फिर तरोताज़ा करने का दिन है। आज दफ़्तर में मशीनों की खराबी परेशानी का सबब बन सकती है। अगर आप किसी परिस्थिति से घबराकर भागेंगे, तो वह आपका पीछा नहीं छोड़ेगी, बेहतर हैं उसको उसी टाइम सॉल्व करें।

**कन्या राशि-**आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आज के दिन किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक स्थिति में फायदा दिलाने वाला होगा। कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति होगी, कुछ नई योजना भी बनाएंगे।

**तुला राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज सोच-समझकर कदम बढ़ाने की जरुरत हैं, दिल की बजाय दिमाग़ का ज़्यादा इस्तेमाल करना आपके लिए अच्छा होगा। इस राशि के जो लोग किसी नए बिजनेस की शुरुआत करना चाहते हैं, उनके लिए आज का दिन शुभ हैं।

**वृश्चिक राशि-** आज आपका दिन ठीक रहने वाला है। इस राशि के जो लोग व्यापार से जुड़े हैं, उन्हें आज निवेश करने और अनुमान के आधार पर पैसे लगाने से बचना चाहिए। आज आप परिवार के सदस्यों के साथ कुछ मनोरंजक पल बिताएंगे। व्यावसायिक साझीदार कार्यों में सहयोग करेंगे, जिससे रुके हुए कार्य पूरे होते जाएंगे।

**धनु राशि-** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप फैमिली के साथ कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे, परिवार में उत्साह का माहौल बना रहेगा। आज के दिन आपको लेन-देन सम्बन्धी मामलों में थोड़ा एहतियात बरतने की जरूरत है। इस राशि के जो लोग राजनीति से जुड़े हैं वे लोग आज अपनी सभा आयोजित करेंगे, सभा में कुछ इम्पोर्टेन्ट टॉपिक पर चर्चा होगी।

**मकर राशि-** आज आपका दिन लाभ दिलाने वाला है। कई वर्षों की मेहनत का फल आज आपको मिल सकता है। आप दिनभर एनेर्जेटिक रहेंगे, काम में आपका मन लगा रहेगा। इस राशि के जो लोग स्टील के बिजनेस से जुड़े हैं उनके लिए आज ज्यादा लाभ के योग हैं। आपकी बातों से किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचे इस बात का ख़ास ख्याल रखेंगे।

**कुंभ राशि-** आपका दिन अच्छा रहेगा। जो छात्र किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं उनके लिए सफलता के योग हैं। समाज में आपके द्वारा किए गए कामों की तारीफ़ होगी आपका सम्मान बढ़ेगा। आपकी अच्छी कार्यशैली से लोग आपसे बहुत कुछ सीखेंगे।

**मीन राशि-**आज आपका दिन आपके लिए ठीक ठाक रहेगा। आपका अच्छा व्यव्हार आपको लोगों का प्रिय बना देगा। आपके कुछ छिपे विरोधी आपके बारे में अफवाहें फैला सकते हैं आप उनकी बातों को इग्नोर करें। अगर आप किसी बिजनेस में इन्वेस्ट करना चाहते हैं तो किसी एक्सपर्ट से राय जरूर ले लें। ऑफिस में आपके काम की सराहना होगी, जूनियर आपके काम से बहुत कुछ सीखेंगे। अविवाहित लोगों के लिए आज शादी का अच्छा प्रपोजल आयेगा। परिवार में सुख का वातावरण रहेगा। छात्रों के लिए दिन अच्छा है।

# भारत में कार्यपालिका की सर्वोच्चता

//अजीत द्विवेदी//

**सैद्धांतिक रूप से भारत में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिक को समान रूप से लोकतंत्र के तीन स्तम्भों के रूप में रेखांकित किया गया है। शक्तियों के पृथक्करण सिद्धांत के तहत तीनों अंगों के कार्यों का बंटवारा किया गया है और उनके अधिकार तय किए गए हैं। संविधान के मुताबिक तीनों को अपने अपने अधिकार क्षेत्र के दायरे में रह कर काम करना चाहिए और उसका अतिक्रमण नहीं करना चाहिए। लेकिन व्यावहारिक रूप में ऐसा नहीं है। व्यावहारिक रूप से भारत में कार्यपालिका की भूमिका सर्वोच्च है और यह स्थिति आजादी के बाद से ही है। पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल में भी कार्यपालिका ही सर्वोच्च थी और आज भी है। फर्क सिर्फ इतना है कि समय के साथ साथ कार्यपालिका की शक्तियां बढ़ती गई हैं और विधायिका की शक्तियां कम होती गई हैं।**

न्यायपालिका ने जजों की नियुक्ति की अपनी व्यवस्था बना कर कुछ हद तक अपने को स्वायत्त रखा है लेकिन कार्यपालिका के अति शक्तिशाली होते जाने से न्यायपालिका पर भी दबाव बढ़ रहा है। जजों की नियुक्ति और तबादलों में आ रही दिक्कतों के साथ साथ न्यायपालिका के कई फैसलों पर अमल संबंधी दिक्कतें भी आई हैं और वह इसलिए क्योंकि न्यायपलिका के फैसले पर भी अमल कार्यपालिका को ही करना है। बहरहाल, भारत में कार्यपालिका के शक्तिशाली होते जाने के कई कारण हैं, जिनमें से मुख्य कारण मौजूदा शासन प्रणाली है, जिसमें कार्यपालिका को ही विधायिका के संचालन की जिम्मेदारी मिली हुई है। केंद्र में जो सरकार में होता है वही संसद का संचालन करता है और राज्यों में जिसकी सरकार होती है वह विधानसभाओं का संचालन करता है। संसद और विधानसभाओं के पीठासीन अधिकारी बहुमत वाली पार्टियों के होते हैं, पार्टी आलाकमान की कृपा से चुने जाते हैं और संसदीय कार्य मंत्रियों की सलाह से काम करते हैं। सभी संस्थाओं में नियुक्ति से लेकर सेवा की शर्तें तय करने और वेतन, पेंशन आदि का अधिकार सरकारों के हाथ में होता है। तमाम संवैधानिक संस्थाएं भी सरकार के खूंटे से बंधी हैं और सभी जांच एजेंसियां प्रत्यक्ष रूप से सरकार के नियंत्रण में काम करती हैं। अगर किसी को लगता है कि संवैधानिक व वैधानिक संस्थाएं स्वायत्त होकर काम करती हैं तो वह मूर्खों के स्वर्ग में रहता है। असल में कार्यपालिका के शीर्ष पर विराजमान व्यक्ति निजी तौर पर कैसी सोच का है और वह संस्थाओं को कितनी स्वायत्ता देना चाहता है वह महत्वपूर्ण होता है। कार्यपालिका के मजबूत होने का एक कारण राजनीतिक दलों में आंतरिक लोकतंत्र की लगभग पूरी तरह गैरमौजूदगी भी है। पार्टियों में आलाकमान की संस्कृति भारत में इतनी मजबूत है कि शीर्ष पर बैठे नेता की मर्जी के बगैर पत्ता भी नहीं हिल सकता है।

तभी आज तक भारत में यह देखने को नहीं मिला है कि सरकार के किसी भी फैसले पर सत्तारूढ़ दल में से किसी ने आवाज उठाई हो। दुनिया के सभ्य और परिपक्क लोकतंत्र वाले देशों में अक्सर ऐसा देखने को मिलता है कि सत्तारूढ़ पार्टियों के नेता अपनी सरकार के फैसले पर सवाल उठाते हैं। विधायिका के अंदर सरकार के लाए विधेयकों का वस्तुनिष्ठ आधार पर विरोध करते हैं और कई बार अपनी ही सरकार के विधेयक को विफल करा देते हैं क्योंकि वे सरकार के प्रति नहीं, बल्कि जनता के प्रति जवाबदेह होते हैं। ऐसा करने के बावजूद उनके ऊपर अनुशासनहीनता की कार्रवाई नहीं होती है। इसके उलट भारत में अपवाद के लिए ही शायद कभी ऐसा हुआ होगा कि सरकार की ओर से लाए गए किसी विधेयक पर सत्तापक्ष के किसी सांसद या विधायक ने विधायिका के अंदर विरोध की आवाज उठाई हो। अगर किसी ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सवाल उठाया भी तो उसके खिलाफ अनिवार्य रूप से कार्रवाई हुई होगी।

सोचें, जब संसद या विधानसभाओं में स्वतंत्र रूप से किसी मसले पर बहस नहीं हो सकती है तो विधायिका की स्वायत्तता का क्या मतलब है। असल में यह एक मिथक है कि विधायिका का काम कानून बनाना है। असल में कानून सरकार बनाती है और विधायिका का काम सिर्फ उस पर मुहर लगाना है। महिला आरक्षण सहित कुछ विधेयक जरूर ऐसे रहे हैं, जिन्हें अतीत में सरकारों ने पेश किया लेकिन पास नहीं करा सकीं। लेकिन यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि वो विधेयक इसलिए पास नहीं हुए क्योंकि सरकारें उन्हें पास कराना नहीं चाहती थीं। भारत में ऐसा संभव ही नहीं है कि सरकार चाहे और वह विधेयक पास न हो। अमेरिका के साथ परमाणु संधि का कानून इसकी मिसाल है। जुलाई 2008 में मनमोहन सिंह सरकार के मुखिया थे और उनकी कांग्रेस पार्टी के पास सिर्फ 145 सांसद थे। 60 सांसदों वाले लेफ्ट मोर्चे ने सरकार से समर्थन वापस से लिया था और बिल का विरोध करने का ऐलान किया था। इसके बावजूद साम, दाम, दंड, भेद के जरिए वह विधेयक पास हुआ था। वह विधेयक, जिसका भाजपा और लेफ्ट दोनों विरोध कर रहे थे, पास हो गया। लेकिन वहीं मनमोहन सिंह महिला आरक्षण बिल पास नहीं करा पाए, जिसका समर्थन भाजपा और लेफ्ट दोनों कर रहे थे! भारत के संसदीय लोकतंत्र की इससे बड़ी हिप्पोक्रेसी कोई नहीं हो सकती है।

बहरहाल, संसद के शीतकालीन सत्र में एक छोटी से खबर आई और सबकी नजरों के सामने से गुजर गई, किसी ने उस पर खास ध्यान नहीं दिया। खबर थी कि भारत सरकार को चालू वित्त वर्ष में अपने कामकाज के लिए अतिरिक्त 56 हजार करोड़ रुपए की जरुरत थी। इसके लिए सरकार ने संसद में प्रस्ताव रखा, जिसे पास कर दिया गया। अब याद करें कुछ दिन पहले अमेरिका को लेकर ऐसी खबर आई थी तो भारत के अखबारों में कैसी सुर्खियां बनी थीं! खबर थी कि 'अमेरिका में गहराया नकदी संकट, संसद ने मंजूरी नहीं दी तो दिवालिया होगा अमेरिका'। असल में अमेरिकी संसद ने जो बाइडेन सरकार को पूरे साल में 31.4 खरब डॉलर का कर्ज लेने की अनुमति दी थी, जिसमें से सरकार 30 खरब डॉलर कर्ज ले चुकी थी। अब उसे कर्ज की सीमा बढ़वानी थी लेकिन अमेरिकी संसद सवाल पूछ रही थी कि आपने पैसे कहां खर्च कर दिए और राष्ट्रपति को जवाब देते नहीं बन रहा था। इसके बरक्स यह तथ्य है कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने पिछले नौ साल में एक सौ लाख करोड़ रुपए का कर्ज लिया। क्या कभी यह सुनने को मिला की संसद ने पूछा हो कि इतने पैसे कहां खर्च हो रहे हैं। कभी संसद ने कर्ज लेने की सीमा तय की हो। अभी सरकार ने जो 56 हजार करोड़ रुपए अतिरिक्त लिए उसकी जरुरत क्यों पड़ गई क्या संसद ने यह सवाल पूछा।

असलियत यह है कि भारत में विधायिका की कभी ऐसी हैसियत नहीं रही कि वह देश की चुनी हुई सरकार के कामकाज में अड़ंगा लगा सके और उसे रोक सके। सरकार का फैसला चाहे कितना भी जनविरोधी हो, उसे संसद नहीं रोक सकती है। किसान विरोधी कृषि कानूनों को भी संसद नहीं रोक पाई थी। किसानों के एक साल तक चले आंदोलन की वजह से उसे सरकार को वापस लेना पड़ा था। यह दुर्भाग्य है कि देश में लोकतंत्र और पार्टियों के आंतरिक लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए भारत में कोई काम नहीं हुआ। पिछले 75 साल में यहां यह व्यवस्था मजबूत हुई है कि सत्तापक्ष के सांसद या विधायक हर विधेयक का हाथ उठा कर और गले की पूरी ताकत से चिल्ला कर समर्थन करेंगे और विपक्षी सांसद या विधायक उसका विरोध करेंगे। ऐसा शायद ही कभी हुआ हो कि संसद या विधानसभाओं के भीतर सांसद या विधायक पार्टी लाइन से अलग हट कर किसी अच्छे विधेयक का समर्थन करें या खराब विधेयक का विरोध करें। यहां सत्तापक्ष मानता है कि सरकार हमेशा सही है और विपक्ष मानता है कि सरकार हमेशा गलत है। और चूंकि सरकार का बहुमत होता है इसलिए वह हमेशा सही होती है। ऐसे में विधायिका का क्या मतलब है, जब उसे हर बार कार्यपालिका के फैसले पर ही मुहर लगानी है।

विधायिका में स्थायी समितियों का प्रावधान है। लेकिन वहां भी सत्तापक्ष का बहुमत होता है और अगर गलती से कोई विधेयक किसी स्थायी समिति में गया तो वहां भी विपक्ष की किसी सलाह का कोई मतलब नहीं होता है क्योंकि सत्तापक्ष अपने बहुमत के दम पर सरकारी विधेयक को मंजूर कराता है। स्थायी समितियों में भी सत्तापक्ष के किसी सांसद या विधायक की हिम्मत नहीं है कि वह सरकार के फैसले पर सवाल उठाए। अगर किसी ने गलती से सवाल उठाया तो वह पार्टी से निकाल दिया जाएगा या अगली बार उसे टिकट नहीं मिलेगी। और चूंकि सबके जीवन का एकमात्र लक्ष्य सांसद या विधायक बनना है तो फिर क्यों आलाकमान के खिलाफ सवाल उठाना है। संसद के शीतकालीन सत्र में 143 सांसदों का निलंबन भी कार्यपालिका की लगातार बढ़ती ताकत का ही एक संकेत है।

# 2023: दुनिया बिखरी,और बर्बर!

//श्रुति व्यास//

**आईए, एक बासी-से वाक्य से शुरूआत करें! एक और साल दम तोड़ रहा है! मैं आपके बारे में नहीं जानती लेकिन मेरे लिए 2023 बहुत जल्दी बीत गया। मेरा अनुमान है कि 2020 से 2022 तक की थकान, पीड़ा और दुःख के बाद, 2023 एक ताज़ा हवा के झोंके सा था। 2023 वह सब करने का साल था, जो नहीं किया जा सका था, बाहर निकलकर चुनौतियों पर जीत हासिल करने का साल था। और हां ,बहुत सारी 'जीतें' हासिल भी की गई।**

महामारी के बाद दुनिया को दो जंगों का सामना करना पड़ा है। टेड्रोस एड्हानोम गेबरेयस (विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख, यदि आप भूल गए हों तो) के स्थान पर हमारे टेलिविजन सेटों पर, मोबाइल की स्क्रीनों पर, अखबारों और डिजीटल मीडिया पर हमने सभ्यताएं बिखरती देखीं, उनके वर्तमान और भविष्य को बर्बरता से नष्ट होते देखा। व्लादिमिर पुतिन टस से मस नहीं हुए। उन्होंने अड़े रहने की प्रतिज्ञा की और यही व्लादिमिर जेलेंस्की ने किया। शरद ऋतु आते-आते बीबी नेतन्याहू की निर्दयता सामने आई, और वे भी भविष्य में वही करने के लिए दृढ़ हैं, और हमास भी।

इसका नतीजा है दो युद्ध, जिन्होंने दुनिया को एक-दूसरे के प्रति कटुता से लबरेज दो गुटों में विभाजित कर दिया है, देशों और उनके नागरिकों को दोनों में से एक पक्ष का समर्थन करने पर मजबूर कर दिया। एक का साथी और दूसरे का शत्रु बनने पर बाध्य कर दिया है। इसने दुनिया के दो माईबापों । अमरीका और चीन के बीच पहले से चल रहे नए शीतयुद्ध की तीव्रता को भी बढ़ा दिया। लेकिन तुर्की से लेकर अर्जेंटीना तक लोकलुभावन वायदे करने वाले फल-फूल रहे हैं और डोनाल्ड ट्रंप और नरेन्द्र मोदी ताकतवर बने हुए हैं।

इस बीच 'अपने दामाद' ऋषि सुनक तमाम खामियों के बावजूद 10, डाउनिंग स्ट्रीट में टिके हुए हैं और उनकी देखरेख में यूके एलीजाबेथ युग से नए कैरोलियन युग में प्रवेश कर रहा है। हमारे पड़ोसी पाकिस्तान में और अधिक राजनैतिक व आर्थिक अराजकता के हालात बने हैं। और इस सारे घटनाक्रम के दौरान दुनिया का तापमान बढ़ रहा है, महंगाई बढ़ती जा रही है और समाज बेहूदा होता जा रहा है। राजनीति और धर्म के बीच की दीवार ढ़हती जा रही है दोनों एक-दूसरे के रंग में रंगते जा रहे हैं।

हमारे देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबसे लोकप्रिय राजनेता और प्रभावशाली व्यक्तित्व बने हुए हैं, और अपने फायदे के लिए चतुराई से राजनीति, धर्म और देशभक्ति का उपयोग कर रहे है। उनकी मौजूदगी ईश्वर की तरह सर्वव्यापी है, मामूली चीजों से लेकर भारत में हुए सबसे बड़े आयोजन, जी20 के उद्घाटन तक में। उन्होंने भारत को 'चन्द्रमा पर पहुंचाया' और नए भारत में भगवान राम की वापसी सुनिश्चित की! वे अत्यंत व्यस्त हैं, वे चुनावों में अपनी पार्टी और पार्टीजनों की सहायता करते हैं, इमेन्युअल मैक्रॉ और जियोर्जिया मेलोनी से मित्रता करते हैं और जस्टिन ट्रूडो और उनके कनाडा को उनकी औकात का अहसास कराते हैं। वे योजनाओं का उद्घाटन करते रहते हैं, गारंटियां देते हैं, अपने पुराने दोस्त बाइडन को गले लगाते हैं, नया संसद भवन, नई विधियां, नए कानून देते हैं।

और यह सब इतनी तेजी से हो रहा है कि नरेन्द्र मोदी की गति से सामंजस्य बिठाना मुश्किल है। पूरा देश उनके पीछे भागा-भागा है। तभी मोदी उन्माद और उसमें भागते रहने में, नएपन में, हमारे देश का एक राज्य मणिपुर मई माह से जल रहा है। हमारे पहलवानों को उनके सम्मान से वंचित कर दिया गया है, संसद में, उनके घरों में और राजनीति में विपक्ष की मौजूदगी और भागीदारी में बार-बार बाधाएं हैं। वे थके, घबराए और लावारिश है। कुछ जेल में हे, जेल भेजा जा रहा है। और कुछ अन्य को ईडी के समन भेजे जा रहे हैं। और इस बीच जहां हमारी प्रेस और मीडिया मोदी के अमृतकाल को सुर्खियों में बनाये हुए है, वहीं एनवायटी भारत को कड़वे सच का आईना दिखा रहा है।

कोरोना काल के दो साल उन्माद और भय में बिताने के बाद हम आशा की किरण के लिए तरस रहे थे। लेकिन 2023 में मुसीबतें और बढ़ीं तथा साल जबरदस्त राजनैतिक खींचतान, अहं के टकराव, और छाती पीटने का साल साबित हुआ। एक ऐसा साल जो निराशाओं और गहन ध्रुवीकरण में फंसा रहा। उम्मीद जगाने वाली घटनाओं के बजाए दुनिया में अनहोनी होती रही, और राजनैतिक और व्यवस्था संबंधी टकराव हमारे रोजमर्रा के जीवन में गहराई तक घर कर गए। 2023 एक ऐसा साल बना है जैसा हम कभी नहीं चाहते थे! हम पहले से अधिक अलग-थलग हो गए, और हमने करुणा की बजाए घृणा क चुना। एकता की विभाजन को चुना। आप अपनी बात खुलकर नहीं कह सकते थे और करुणा और सहानुभूति भी वामपंथ और दक्षिणपंथ के रंग में रंग गई।

महामारी के दो सालों के दौरान हम अपने परिवारों, मित्रों और एक-दूसरे के ज्यादा नजदीक आए, लेकिन पूरे साल जारी युद्ध, बांटने वाली राजनीति, और अहंकार ने एक बार सब कुछ चूर-चूर कर दिया है। आज हम सब पहले के किसी भी दौर की तुलना में ज्यादा अकेले हैं, और हमारे चारों ओर टूटे हुए कांच के टुकड़े पड़े हैं। परिवार और मित्र, दोस्त होते हुए भी दुश्मन बन गए हैं, नए संबंध सिर्फ सोशल मीडिया पर बन रहे हैं और सोशल मीडिया अवगुणों और ज्ञान का नया स्त्रोत है। हर नजरिए को लेकर एक राय है, हर सुझाव को लेकर त्यौरिंया चढ़ जाती हैं। हर व्यक्ति यह सोचता है कि वह सब कुछ जानता है जबकि हकीकत यह है कि किसी को भी कुछ भी पता नहीं है।

हर आदमी मुखौटा लगाए हुए है, सब कुछ एक प्रहसन बन गया है। हम एक ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जो न तो आदर्श है और न ही भौतिक है बल्कि जो विक्षिप्त जान पड़ती है। इंडिया, भारत, दुनिया, वैश्विक व्यवस्था, मेरी दुनिया, आपकी दुनिया ड्क्जैसी विभाजक रेखाएं और गहरी हुई हैं। हम बढ़ती चुनौतियों का मिलकर मुकाबला करने में सक्षम नहीं हैं।जाहिर है 2023 अधिक अंधकार लाया है, और 2024 में यह अंधकार ज्यादा घनाहोगा। लेकिन कहते हैं कि रोशनी ढूंढ़ी जा सकती है, और वह अक्सर वहां मिलती हैं जहां उसके होने की बिल्कुल उम्मीद नहीं होती। 2024 को वास्तव में ऐसा साल बनना होगा जिसमें ऐसे ही अनापेक्षित स्थानों पर रोशनी मिले। तो चलिए, खुशी मनाएं, केक काटें, हँसे-हंसाएं और इस निराशाजनक दौर में एक मोमबत्ती जलाएं क्योंकि अंधेरा कितना भी गहरा क्यों न हो वह रोशनी को नहीं रोक सकता।

## तस्वीरों की दुनिया


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कोलकाता के कालीघाट काली मंदिर का दौरा करते हुए।


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुंबई में आईएनएस इम्फाल के कमीशनिंग समारोह में गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया।


कांग्रेस नेता राहुल गांधी नई दिल्ली में बिहार कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक के लिए एआईसीसी मुख्यालय पहुंचे।


दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने नई दिल्ली के पुराने सचिवालय में पूर्व राष्ट्रपति पंडित मदन मोहन मालवीय को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।


उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में वीर बाल दिवस के अवसर पर पूजा-अर्चना की।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नई दिल्ली के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस कार्यक्रम के दौरान एक स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कोलकाता में गुरुद्वारा बारा सिख संगत का दौरा करते हुए।

# 2024 चुनाव है अहम... भारत के लोग तय करेंगे दिशा राम मंदिर और राहुल गांधी पर सैम पित्रोदा का बड़ा बयान



**नईदिल्ली, 27 दिसम्बर [एजेंसी]।**

राहुल गांधी के करीबी और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर बयान दिया। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि भारत के लोग देश के भविष्य के लिए जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि भारत के लोग सोचेंगे कि 2024 का चुनाव भारत के भविष्य के लिए कितने महत्वपूर्ण है। हम चौराहे पर हैं और भारत के लोगों को तय करना होगा कि वे किस तरह का राष्ट्र बनाना चाहते हैं। क्या वे हिंदू राष्ट्र बनाना चाहते हैं या क्या वे एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करना चाहते हैं जो वास्तव में धर्मनिरपेक्ष और ग्रामीण हो, जिसमें समावेश, विविधता और स्थिरता पर ध्यान केंद्रित हो। इसके साथ ही उन्होंने राहुल गांधी द्वारा विदेश में दिए गए बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जब हम विदेश जाते हैं तो भारत की आलोचना नहीं करते बल्कि हम भारत सरकार की आलोचना करते हैं, ये दो अलग चीजें हैं। भारत सरकार की आलोचना और भारत की आलोचना में भ्रमित नहीं होना चाहिए। भारत बहुत बड़ा है और सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमारे पास भारत पर एक वैश्विक मंच पर चर्चा करने का अधिकार और जिम्मेदारी है। भारत छोटा देश नहीं है। भारत दुनिया की नियति तय कर सकता है। यह इस पृथ्वी पर सबसे अधिक आबादी वाला देश है। इसलिए हमें दुनिया से बात करनी चाहिए। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम सभी वैश्विक नेताओं से मिलें और उन्हें समझाएं कि हम कौन हैं, क्या हैं, क्या हैं और हम क्या मानते हैं। कोई भी भारत का अपमान नहीं कर सकता। सैम पित्रोदा ने आगे कहा कि मुझे किसी भी धर्म से कोई दिक्कत नहीं है। कभी-कभार मंदिर के दर्शन के लिए जाना ठीक है, लेकिन आप उसे मुख्य मंच नहीं बना सकते हैं। 40 प्रतिशत लोग भाजपा को वोट देते हैं। 60 प्रतिशत लोग भाजपा को वोट नहीं देते हैं। वह हर किसी के प्रधानमंत्री हैं न कि किसी पार्टी के प्रधानमंत्री और यही संदेश भारत के लोग प्रधानमंत्री से चाहते हैं। क्या राम मंदिर असली मुद्दा है या बेरोजगारी एक असली मुद्दा है। उन्होंने कहा कि मैं चिंतित हूं क्योंकि धर्म को बहुत ज्यादा महत्व दिया जा रहा है। मैं देख रहा हूं कि लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है। जब 10 साल तक किसी देश का प्रधानमंत्री एक प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं करता है, यह मुझे परेशान करता है। जब प्रधानमंत्री को किसी राष्ट्रीय स्टेडियम का नाम अपने नाम पर रखने में कोई समस्या नहीं है। जबकि वह जीवित हैं, यह बात मुझे परेशान करती है। मेरे लिए धर्म एक व्यक्तिगत चीज है। इसे राष्ट्रीय एजेंडे के साथ भ्रमित न करें।

## गोरखपुर एयरपोर्ट पर बम की सूचना मिलते ही मच गया हड़कंप संदिग्ध बैग देखते ही यात्रियों के फूल गए पैर और फिर...



**गोरखपुर 27 दिसम्बर।** गोरखपुर एयरपोर्ट टर्मिनल में बम होने की सूचना पर मंगलवार को दोपहर बाद हडकंप मच गया। सुरक्षाकर्मियों ने टर्मिनल के अंदर मौजूद यात्रियों और कर्मचारियों को बाहर निकालने के बाद बम थ्रेट कमेटी के सदस्यों को सूचना दी। बीडीडीएस (बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वाड) को आगमन कक्ष में पिलर के पास संदिग्ध बैग मिला। टीम ने पूरी सतर्कता से इसे निस्तारित किया। कार्रवाई पूरी होने के बाद एयरपोर्ट प्रशासन ने इसे सुरक्षा के लिए किया गया मॉकड्रिल बताया, जिसके बाद यात्रियों व कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। दोपहर बाद 3.50 बजे एयरपोर्ट के अधिकारियों को आगमन कक्ष के बाहर बम रखे जाने की सूचना मिली। बम थ्रेट कमेटी के सदस्य 10 मिनट के भीतर पहुंच गए। शाम 4.07 बजे बीडीडीएस की टीम परिसर में दाखिल हुई। इससे पहले एयरपोर्ट सुरक्षा यूनिट (एपीएसयू) एवं भारतीय वायु सेना की डॉग स्क्वाड की टीम ने पिलर के पास मौजूद डमी का पता लगा लिया। बम थ्रेट मॉक ड्रिल की कार्रवाई के दौरान एयरपोर्ट निदेशक एके द्विवेदी, प्रचालन प्रभारी विजय कौशल, मुख्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश कुमार गुप्ता, सीओ एलआईयू अभिषेक राहुल, भारतीय वायु सेना सुरक्षा की टीम, सीएफओ, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी मेडिकल टीम व एंबुलेंस के साथ मौजूद रहे।एयरपोर्ट को बम आदि के खतरे से बचाने के लिए नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो ने बम थ्रेट कन्टिजेसी प्लान तैयार किया है। जिसके तहत एयरपोर्ट पर बम थ्रेट कमेटी गठित की गई है।

## एमपी बोर्ड के 12वीं के विद्यार्थी दो जनवरी तक 500 रुपये शुल्क के साथ कर सकेंगे त्रुटि सुधार



**भोपाल, 27 दिसम्बर [एजेंसी]।**

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) के 12वीं के विद्यार्थी दो जनवरी तक त्रुटि सुधार सकते है। इसके लिए भी माशिमं ने विद्यार्थियों को 500 रुपये का अर्थदंड लगाया है। माशिमं ने मंगलवार को इसके दिशा-निर्देश जारी कर दिए है। विद्यार्थियों को दो जनवरी तक त्रुटि सुधार परिवर्तन का अवसर दिया है। दरअसल माशिमं द्वारा दो साल पहले तक 12वीं में संकाय बदलने की सुविधा दी जाती थी। पिछले साल भी कुछ विशेष प्रकरणों में विषय बदलने की सुविधा दी गई, लेकिन इस साल से मंडल ने यह अधिकार छिन लिए हैं। इस बार मंडल ने 12वीं में सिर्फ त्रुटि सुधार की सुविधा दी है। मंडल द्वारा 11वीं से द्विवर्षीय पाठ्यक्रम लागू किया है। जिससे 11वीं में एक बार कोई विषय या संकाय लेने के बाद उसे 12वीं में परिवर्तन नहीं कर सकते है।निर्देश में कहा गया है कि शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के लिए संस्था द्वारा आनलाइन प्रविष्टि में विषयों में की गई त्रुटि के सुधार की सुविधा 31 अक्टूबर तक प्रदान की गई थी। इसे पुनः दो जनवरी 2024 तक 500 रुपये प्रति विषय अर्थदंड के साथ विषयों में त्रुटि सुधार की आनलाइन सुविधा प्रदान की जाती है। संबंधित संस्था प्राचार्य को त्रुटि सुधार के साथ एमपी आनलाइन पोर्टल पर संबंधित छात्र की कक्षा 11वीं उत्तीर्ण की अंकसूची एवं इस आशय का घोषणा-पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा कि जिन विषयों के विषयों में त्रुटि सुधार किया गया है। उन विद्यार्थियों ने 11वीं में इन्हीं विषयों का अध्ययन किया गया है और संस्था द्वारा इन्ही विषयों की अंकसूची छात्रों को जारी की गई है। यदि यह पाया जाता है, कि किसी संस्था द्वारा तथ्यों को छुपाते हुए गलत तरीके से विषयों में संशोधन किया गया हैं, तो सरकारी स्कूल के प्राचार्य के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए पत्र लोक शिक्षण संचालनालय को लिखा जाएगा। वहीं निजी स्कूल होने की स्थिति में संबंधित विद्यालय की संबद्धता तत्काल प्रभाव से समाप्त की जा सकेगी।

## जेपी नड्डा ने अनुपम हाजरा को बीजेपी के राष्ट्रीय सचिव पद से हटाया, लंबे समय से पार्टी की कार्य प्रणाली पर उठा रहे थे सवाल



**नई दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को बंगाल के नेता अनुपम हाजरा को पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पद से हटा दिया। पूर्व सांसद हाजरा पिछले कुछ समय से राज्य में पार्टी की कार्यप्रणाली की आलोचना कर रहे हैं। भाजपा का यह फैसला उस दिन आया जब नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह कई राजनीतिक कार्यक्रमों के लिए कोलकाता में थे। माना जा रहा है कि पार्टी ने हाजरा को पद से हटाकर पार्टी के भीतर असंतुष्टों को अनुशासन का पालन करने का संदेश दिया है।

## समुद्री मार्गों की सुरक्षा के लिए होना होगा सतर्क, राजनाथ बोले- जहाजों पर हमला करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

**नईदिल्ली, 27 दिसम्बर [एजेंसी]।**

नौसेना में सम्मिलित करने के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह जो कहा कि अरब सागर में भारत आ रहे जहाज एमवी केम प्लूटो पर हमला करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें समुद्र तल से भी खोजकर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी, वह आवश्यक था। ऐसा कोई दो टूक बयान इसलिए और भी जरूरी हो गया था, क्योंकि दक्षिणी लाल सागर में भी एमवी साईं बाबा नाम के जहाज को निशाना बनाया जा चुका है। इस समुद्री जहाज के चालक दल के सदस्य भारतीय थे। इन हमलों को देखते हुए ही भारतीय नौसेना ने अरब सागर के विभिन्न क्षेत्रों में तीन युद्धपोत तैनात कर दिए हैं। इसके अलावा समुद्र की टोह लेने वाले विमानों की भी तैनाती की जा रही है। विभिन्न समुद्री मार्गों पर अपने व्यापारिक हितों की रक्षा करने के लिए भारत को हर संभव उपाय करने होंगे। ये उपाय न केवल हिन्द महासागर में करने होंगे, बल्कि अन्य सागरों में भी।यदि समुद्री जहाजों पर इसी तरह हमले होते रहे तो भारत आने एवं यहां से जाने वाले जहाजों को अपना मार्ग बदलने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। स्पष्ट है कि इसके चलते खर्च बढ़ेगा और अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ेगा। यदि भारत में कच्चा तेल लाने वाले समुद्री जहाजों को सुरक्षा कारणों से अधिक दूरी तय करनी पड़ती है तो पेट्रोलियम उत्पाद महंगे हो सकते हैं।भारत को मित्र देशों की सहायता से यह सुनिश्चित करना होगा कि उसके हितों की पूर्ति करने वाले सभी समुद्री मार्ग सुरक्षित और सुगम बने रहें।अमेरिका की मानें तो एमवी केम प्लूटो जहाज पर ईरान से ड्रोन हमला किया गया। ईरान ने अमेरिका के इस दावे को खारिज किया है, लेकिन यह किसी से छिपा नहीं कि यमन के जो हाउती विद्रोही समुद्री जहाजों को निशाना बना रहे हैं, उन्हें उसका समर्थन प्राप्त है।हाउती विद्रोही इजरायल पर बर्बर आतंकी हमला करने वाले हमास के समर्थन में समुद्री जहाजों पर हमले कर रहे हैं। वे इजरायल के साथ हमास की निंदा-आलोचना करने वाले देशों के समुद्री जहाजों को भी निशाना बनाने की धमकियां दे रहे हैं।

## अब 18 फरवरी को हो सकती है सिपाही भर्ती परीक्षा, 25 लाख उम्मीदवार होंगे शामिल!




**लखनऊ, 27 दिसम्बर [एजेंसी]।**

उप्र पुलिस भर्ती बोर्ड सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा 11 फरवरी के स्थान पर अब 18 फरवरी को कराने पर भी विचार कर रहा है। बोर्ड ने 11 फरवरी की प्रस्तावित तिथि के अनुरूप सभी जिलों के डीएम से परीक्षा केंद्रों को लेकर रिपोर्ट मांगी थी। इसी तिथि में उप्र लोक सेवा आयोग द्वारा समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी के पदों पर भर्ती की परीक्षा होनी है। आयोग की परीक्षा में लगभग 10 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। वहीं सिपाही भर्ती परीक्षा में लगभग 25 लाख अभ्यर्थियों के शामिल होने की उम्मीद है। एक दिन परीक्षा में इतनी बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों की आवाजाही से लेकर अन्य प्रबंध प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर सकते हैं। भर्ती बोर्ड ने सिपाही भर्ती परीक्षा कराने के लिए 18 फरवरी की तिथि पर विचार करते हुए सभी डीएम को पत्र लिखा है।

## संजय राऊत ने भाजपा पर कसा तंज, कहा- शिवसेना का अयोध्या से पुराना नाता, उद्धव को निमंत्रण की जरूरत नहीं



**मुंबई 27 दिसम्बर।** शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता संजय राउत ने मंगलवार को कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए उद्धव ठाकरे को निमंत्रण की कोई आवश्यकता नहीं है। शिवसेना का इससे पुराना नाता है। राउत ने दावा किया कि जब भाजपा ने ढांचे के विध्वंस के लिए शिवसेना को दोषी ठहराया तो इसके संस्थापक बाल ठाकरे ने इसकी जिम्मेदारी ली थी।यह पूछे जाने पर कि क्या ठाकरे को इस समारोह के लिए आमंत्रित किया गया था, राउत ने कहा कि उद्धव ठाकरे को अयोध्या में आमंत्रित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। हम भाजपा से पहले से अयोध्या में हैं।

## दिल्ली के अस्पतालों में नकली दवाओं का फैला जाल, टेंडर समाप्त होने पर इन दवा कंपनी को दिया गया छह माह का विस्तार



**नईदिल्ली, 27 दिसम्बर ।**

सतर्कता निदेशालय को नकली दवाओं से संबंधित टेंडर में भी गड़बड़ी की आशंका है। निदेशालय टेंडर प्रक्रिया की भी जांच करेगा। सूत्रों का कहना है कि टेंडर समाप्त होने पर नकली दवाओं वाली एक कंपनी को छह माह का विस्तार भी दिया गया है। बहरहाल स्वास्थ्य विभाग ने इस मामले से जुड़े दस्तावेज मंगलवार को सतर्कता निदेशालय को सौंप दिए। निदेशालय ने कुछ और जरूरी दस्तावेज स्वास्थ्य विभाग से मांगे हैं। इन दवाओं से संबंधित टेंडर प्रक्रिया और फाइलों को जब्त करने के सतर्कता निदेशाालय ने दो दिन पहले निर्देश दिए थे।सरकारी अस्पतालों में आपूर्ति की जाने वाली पांच दवाइयां जांच में नकली मिली हैं। इन दवाओं में मिर्गी और दौरे, पेट में अतिरिक्त एसिड, फेफड़ों में जानलेवा सूजन को ठीक करने वाला स्टेरायड और जोड़ों और शरीर में सूजन को ठीक करने वाली दवाएं शामिल हैं। दिल्ली सरकार के अस्पतालों में आपूर्ति की गई नकली दवाओं के मामले में बड़ा घपला सामने आने की आशंका जताई जा रही है। जो कंपनियां ये दवाइयां उपलब्ध करा रही थीं उनमें से एक कंपनी का टेंडर डेढ़ साल की आपूर्ति के लिए था जो गत मार्च में समाप्त हो गया था। उसके बाद इस कंपनी को छह माह का विस्तार दिया गया था।विस्तार किसने दिया और इसका क्या आधार रहा है।इसकी जांच भी होने जा रही है।सूत्रों का कहना है कि इस कंपनी को विस्तार देने में भी अनियमितता की गई है।

दस्तावेज मिलने के बाद ही इस बारे में स्पष्ट हो सकेगा कि इस मामले में क्या गड़बड़ी हुई है।जांच में एक अहम मुद्दा यह भी सामने आ रहा है दिल्ली स्तर पर दवा खरीदने वाली एजेंसी (सीपीए) द्वारा खरीदी जाने वाली दवाओं के आने वाले हर लाट के नमूनों की जांच का प्रविधान है। नकली दवाओं का प्रकरण सामने आने के बाद यह मुद्दा भी उठ रहा है कि क्या अभी तक नमूनों की जांच नहीं की जा रही थी या फिर इस में भी मिलीभगत की जा रही थी।

## पुलिस प्रशासन ने जारी की जिले के कुख्यात अपराधी की सूची, STF ने शुरू की संयुक्त कार्रवाई

**रांची, 27 दिसम्बर [एजेंसी]।**

जिला एसएसपी कार्यालय ने वर्ष 2021, 22 व 23 तक की सीसीए से संबंधित विवरणी जारी कर दी है। जारी विवरणी में 177 अपराधियों की सूची जारी की गई है। जिसमें कई कुख्यात अपराधी व उग्रवादियों व जमीन कारोबारियों के नाम भी शामिल हैं।ये ऐसे अपराधी हैं जिन पर जिले को अशांत करने और अपराध फैलाने के आरोप हैं। इनमें 43 वैसे अपराधी हैं जिन पर सीसीए की धारा 12-2 दर्ज है। वहीं 23 वैसे अपराधियों की सूची है जिन्हें जिला बदर किया गया है। जबकि 111 अपराधियों को थाना हाजिरी की सूची में समाहित किया गया है। पुलिस विभाग द्वारा जारी विवरणी में कुंवर उरांव, मनोज मुंडा, मो फैयाज अंसारी, देवसिंह मुंडा, गेंदा सिंह उर्फ विजय सिंह, मोईन अंसारी, आकाश कुमार राय उर्फ मोनू राय, विनोद गोप उर्फ वीनू गोप।

अली खान, राशिद अंसारी, अफसर आलम उर्फ छोटू उर्फ लंगड़ा, विशाल आनंद साहू, राज वर्मा उफ राजराम उर्फ बजरंगी, राहुल गंझू, करमा उरांव, वसीम उर्फ गोजा, नवाब चिश्ती, रोपना उरांव, अली खान, छोटू खान उर्फ तफजील खान, अफसर आलम उर्फ छोटू, जाहिर अंसारी, रंजीत साव उर्फ रंजन कुमार, अमित कुमार उर्फ अमित शर्मा, फरहान अंसारी उर्फ चरकू।शेख फिरोज अंसारी, राशिद अंसारी, गेंदा सिंह उर्फ विजय सिंह, मनोज मुंडा, नवाब चिश्ती, मो आजाद, एजाजुल अंसारी, विशाल आनंद साहू, मो कैफ उर्फ टेना, सैनाथ सिंह मुंडा, अरसलन अंजर उर्फ सानू, मो शहनवाज अंसारी उर्फ पप्पू, आबाद अंसारी, शेख बेलाल। विक्रम सिंह उर्फ सोनू सिंह, बिरजू नायक, अनिल कुमार सिंह, बिट्टू मिश्रा उर्फ राजीव कुमार मिश्रा समेत कुल 177 अपराधियों के नाम शामिल हैं।

### युद्ध के बीच गाजा में मानवीय सहायता के लिए तैनात होगा समन्वयक, संयुक्त राष्ट्र ने प्रस्ताव को दी मंजूरी

**वॉशिंगटन।** इजरायल-हमास युद्ध के बीच संयुक्त राष्ट्र ने मानवीय सहायता को बढ़ावा देने के लिए अहम फैसला लिया है। संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के तहत गाजा में मानवीय राहत शिपमेंट की निगरानी के लिए एक समन्वयक की नियुक्ति की घोषणा की है। संयुक्त राष्ट्र ने एक बयान में कहा कि नीदरलैंड की निवर्तमान वित्त मंत्री सिग्रीड काग गाजा के लिए वरिष्ठ मानवीय और पुनर्निर्माण समन्वयक होंगी और वह यह जिम्मेदारी 8 जनवरी को संभालेंगी। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि इस भूमिका में वह गाजा के लिए मानवीय राहत की खेप की सुविधा, समन्वय, निगरानी और सत्यापित करेंगे। नीदरलैंड की वित्त मंत्री सिग्रीड काग हथियार विशेषज्ञों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम की प्रमुख थी।

## लोकसभा चुनाव में भाजपा की हैट्रिक रोकने के लिए कांग्रेस करेगी मंथन, हिमाचल से 33 नेता बैठक में हुए शामिल

**शिमला, 27 दिसम्बर [एजेंसी]।**

मिशन-2024 की तैयारियों में जुटी प्रदेश कांग्रेस कमेटी अब एक्टिव मोड़ में आ गई है। वर्ष 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रदेश की चारों सीटें हार गई थी। इस बार के चुनाव में कांग्रेस के समक्ष कई चुनौतियां है। सबसे बड़ी चुनौती भाजपा की हैट्रिक को रोकना है। भाजपा तीसरी बार प्रदेश की चारों सीटों पर जीत का दावा कर रही है, जबकि कांग्रेस पूरी तरह से बिखरी हुई है। संगठन के पदाधिकारियों की सरकार में नियुक्तियां सहित कई अन्य मामले हैं। जिन पर कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। बुधवार को दिल्ली में होने वाली स्ट्रेटजी कमेटी की बैठक में यह सभी मामले उठ सकते हैं। मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य संसदीय सचिव व पदाधिकारी दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। बैठक के बहाने दिल्ली गए नेताओं का शीर्ष नेतृत्व से मिलने का कार्यक्रम है।

हिमाचल से 33 नेता बैठक में भाग लेने के लिए दिल्ली गए हैं। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ल, राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल सहित कई नेता बैठक में उपस्थित रहेंगे। बैठक के माध्यम से हाईकमान सत्ता व संगठन को एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरने के निर्देश देगा। सत्ता व संगठन में तालमेल बेहतर बनाने के लिए कई निर्णय बैठक में लिए जा सकते हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सत्ता व संगठन के तालमेल पर अपनी नाराजगी पहले ही हाईकमान के समक्ष जाहिर कर चुकी हैं। ऐसे में सभी पहलुओं पर बैठक में चर्चा होगी ताकि एकजुटता के साथ सत्ता व संगठन लोकसभा चुनाव के लिए मैदान में उतरे। सभी पदाधिकारियों से पूछी जाएगी राय बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए रणनीति तैयार होगी। किन मुद्दों पर जनता के बीच जाना है, भाजपा के आरोपों का कैसे उत्तर देना है, विधानसभा चुनाव में जो वादे जनता से किए थे उनमें से कितने पूरे हो गए हैं, भाजपा किन गारंटियों को मुद्दा बनाएगी।

## मांग पूरी ना होने पर 15 से कार्य बहिष्कार करेंगी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बोले- सरकार इन आवश्यकताओं को करे पूरा

**देहरादून।** मानदेय बढ़ोतरी, मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को उच्चीकृत करने, आनलाइन कार्य के लिए स्मार्ट फोन उपलब्ध कराने समेत विभिन्न मांगों पर कार्रवाई ना होने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताई है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांग पर कार्रवाई नहीं हुई तो 15 जनवरी से कार्यबहिष्कार किया जाएगा। वहीं, विभागीय अधिकारियों से वार्ता के दौरान अधिकारियों ने लंबित मांगों पर शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिया। मंगलवार को महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग के नंदा की चौकी स्थित निदेशालय में उत्तराखंड राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ से जुड़े पदाधिकारी निदेशक प्रशांत आर्य से मिले। कार्यकर्ताओं ने उनके समक्ष मांगें रखी। संगठन की प्रदेश अध्यक्ष सुशीला खत्री ने कहा कि लंबे समय से धरना प्रदर्शन व रैली के माध्यम से मांग उठाई गई, लेकिन कार्रवाई करने के बजाय विभागीय अधिकारियों ने सिर्फ आश्वासन दिया। जिससे कार्यकर्ताओं में रोष है। कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को राज्य कर्मचारी घोषित किय जाए।न्यूनतम 18 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाए। कार्यकर्ताओं को भविष्य निधि, चिकित्सा सुविधा शीघ्र दी जाए। इसके अलावा कार्यकर्ताओं ने सेवानिवृत्ति 60 से बढ़ाकर 62 वर्ष करने, कुक्ड फूड योजना के तहत भोजन दर को संशोधित कर सामान्य बच्चों के लिए 16 रुपये व कुपोषित बच्चों के लिए 24 रुपये करने की मांग उठाई। कहा कि विभाग की ओर से उपलब्ध कराए गए स्मार्टफोन खराब होने से आनलाइन कार्य प्रभावित हो रहा है। ऐसे में शीघ्र नए फोन दिए जाएं। आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पड़े आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पदों पर शीघ्र नियुक्ति की जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों तक आने वाले सामान का ढुलाई शुल्क दिया जाए। वार्ता के दौरान विभाग के निदेशक प्रशांत आर्य ने कहा कि विभिन्न मांगों में जो नीतिगत होंगी उन्हें शासन को भेजा जाएगा।जबकि विभाग से संबंधित रुके मानदेय का भुगतान, ढुलान समेत अन्य मांगों का निस्तारण इसी हफ्ते कर दिया जाएगा। इस मौके पर संगठन की देहरादून जिलाध्यक्ष सुनीता राणा, गीता भल्ला आदि मौजूद रहे।

## भारत और रूस के बीच कुडानकुलम परमाणु ऊर्जा प्लांट समझौते पर हस्ताक्षर, जयशंकर ने रूस को बताया विशेष भागीदार

**मॉस्को , 27 दिसम्बर [एजेंसी]।**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत और रूस ने मंगलवार को तमिलनाडु में कुडानकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र की भविष्य की बिजली उत्पादन इकाइयों के निर्माण से संबंधित कुछ बेहद महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। पांच दिवसीय यात्रा पर रूस पहुंचे जयशंकर ने द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग पर उपप्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव के साथ बैठक के बाद यह घोषणा की। दोनों नेताओं की मौजूदगी में परमाणु ऊर्जा, दवा, मेडिकल उपकरण को लेकर समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। जयशंकर ने मंटुरोव के साथ रूसी उद्योग और व्यापार प्रदर्शनी का भी दौरा किया। भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा, हमने कुडानकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र (एनपीपी) की भविष्य की इकाइयों से संबंधित कुछ बहुत महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। कुडानकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र रूस की तकनीकी सहायता से तमिलनाडु में बनाया जा रहा है।



इसका निर्माण मार्च 2002 में शुरू हुआ। फरवरी 2016 से कुडानकुलम एनपीपी की पहली बिजली इकाई 1,000 मेगावाट की क्षमता से लगातार काम कर रही है। रूसी सरकारी मीडिया के अनुसार, संयंत्र के 2027 में पूरी क्षमता से काम शुरू करने की उम्मीद है।

जयशंकर ने रक्षा, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे कुछ क्षेत्रों में रूस को विशेष भागीदार बताया। उन्होंने कहा, रक्षा, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा के क्षेत्रों में उन देशों के साथ सहयोग किया जाता है, जिनके साथ आपका उच्च स्तर का भरोसा है। जयशंकर ने यह भी कहा कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए हैं कि भारत और यूरेशियन आर्थिक क्षेत्र के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने के लिए टीम जनवरी के अंत तक मिलेंगी। रूस और भारत के बीच भुगतान समस्या पर सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा, हम भुगतान समस्या का समाधान ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं। जयशंकर बुधवार को अपने समकक्ष सर्गेई लावरोव से मुलाकात कर द्विपक्षीय, बहुपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। जयशंकर ने कहा कि भारत-रूस के संबंध असाधारण हैं। हालांकि, सभी देशों के बीच संबंधों में उतार-चढ़ाव आया है, लेकिन वैश्विक राजनीति में केवल भारत रूस के संबंध ही स्थिर रहे हैं। विदेश मंत्री मंगलवार को मास्को में एक कार्यक्रम में भारतीय समुदाय को संबोधित कर रहे थे। जयशंकर ने कहा कि भारत और रूस के बीच संबंध कई मायनों में असाधारण हैं। पिछले 70-80 वर्षों में, भारत और रूस दोनों में बहुत बदलाव आया है।

विश्व राजनीति में भी बहुत कुछ बदल गया है, लेकिन नई दिल्ली और मास्को के बीच संबंध स्थिर बने हुए हैं। जयशंकर ने भारतीय समुदाय से दोनों देशों के बीच सहयोग को गहरा करने में योगदान देने का आग्रह किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, मास्को में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत की। भारत और रूस के बीच मजबूत और स्थिर सहयोग बनाने में उनके योगदान की सराहना की।जयशंकर ने कहा कि भू-राजनीतिक और रणनीतिक आधार भारत-रूस संबंधों को सकारात्मक पथ पर बनाए रखेगा। जयशंकर ने सोमवार को रणनीतिक विशेषज्ञों के साथ बातचीत की थी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, रूसी रणनीतिक समुदाय के प्रमुख प्रतिनिधियों के साथ दूरदर्शी बातचीत की। कनेक्टिविटी, बहुपक्षवाद, क्षेत्रीय संघर्षों पर भी चर्चा की।



## मेरी जिससे नहीं जमेगी वो बिग बॉस से होगा बेघर: ईशा मालविया

बिग बॉस 17 के आगामी एपिसोड में घर की कप्तान ईशा मालविया यह तय करती नजर आएंगी कि नॉमिनेटेड लोगों में से किसे बाहर किया जाएगा। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि किसने घर के नियम तोड़े हैं। इस सप्ताह के नॉमिनेटेड प्रतियोगियों में ऐश्वर्या शर्मा भट्ट, नील भट्ट, अंकिता लोखंडे और अनुराग डोभाल शामिल हैं। चैनल द्वारा साझा किए गए प्रोमो में ईशा को बिग बॉस कहते हैं, नियम तोड़ने के आधार पर कौन इस हफ्ते बेघर होता है, फैसला आपका होगा । ईशा ने कहा कि वह उस शख्स को बाहर करना चाहेंगी जिसके साथ उनकी ज्यादा नहीं बनती। उन?होंने कहा, मैं चाहूंगी जिनसे मेरी कम लेवल पर बनती है, मैं उनको हटाऊं।

नील भट्ट की प्रतिक्रिया को देखते हुए ऐसा लगता है कि उनकी पत्नी ऐश्वर्या शर्मा भट्ट को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है।

ईशा द्वारा लिया गया निर्णय सुनकर नील ने कहा, क्या? नियम तोड़ने पे। मुनव्वर फारुकी ने कहा, क्या बेवकूफी भरा फैसला है।

गार्डन एरिया में ईशा को घर के सदस्यों को यह कहते हुए सुना जाता है कि यह उसका कॉल था। इस पर नील ने कहा, आप यहां रहने के लायक नहीं हैं। ईशा ने जवाब दिया, मेरी जिससे नहीं जमेगी वो जाओ।

## नेट साड़ी में बेहद खूबसूरत लगीं जान्हवी कपूर, लुक से इंटरनेट का पारा किया हाई

जाह्नवी कपूर पॉपुलर स्टार किड्स में से एक हैं. उन्होंने अपने ही दम पर एक खास पहचान हासिल की हैं. एक्ट्रेस ने अपनी अदाकारी के साथ-साथ बोल्डनेस और स्टाइलिश लुक्स से भी लोगों को अपना दिवाना बनाया है. एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. जाह्नवी का लेटेस्ट फोटोशूट एक बार फिर चर्चा में हैं. जाह्नवी कपूर ने हाल में ही अपने इंस्टाग्राम पर लेटेस्ट तस्वीरें पोस्ट की हैं. फोटोज में एक्ट्रेस साड़ी पहने नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस की साड़ी पर पर्ल और कुंदन का वर्क है, जो बेहद खूबसूरत लग रहा है. एक्ट्रेस ने अपना लुक डायमंड टॉप्स और सिंपल बन से पूरा किया है. एक्ट्रेस के फोटोज शेयर करते ही, सभी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई हैं. लोगों को जाह्नवी कपूर का ये लुक बेहद पसंद आ रहा हैं. यूजर्स जमकर फोटोज पर लाइक और कमेंट की बारिश कर रहे हैं. दूसरी ओर जाह्नवी के वर्क फ्रंट की बात करें तो इस समय एक्ट्रेस के पास कई प्रोजेक्ट्स पाइपलाइन में हैं. जल्द ही उन्हें मिस्टर एंड मिसेज माही टाइटल से बन रही फिल्म में देखा जाने वाला है. इसके अलावा वह देवरा और उलझ फिल्मों में भी नजर आने वाली हैं. जाह्नवी के चाहने वाले उन्हें फिर से पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित हैं.



# ठंडा या गर्म... सर्दियों में वर्कआउट या वॉक के दौरान कौन सा पानी पीना चाहिए?



वर्कआउट या वॉक करने के बाद कौन सा पानी पीना पिए? सर्दियों में शरीर बहुत जल्दी डिहाइड्रेटेड हो जाते हैं. जिसके कारण शरीर में एनर्जी की कमी होने लगती है. वॉक करने से शरीर का मेटाबोलिक तेज होता है. साथ ही ब्लड में शुगर लेवल भी कम होता है. यह ब्लड सर्कुलेशन अच्छा करने के लिए सबसे बेस्ट ऑप्शन माना जाता है. सेहत से जुड़ी समस्याओं से निजात चाहिए तो आपको हर रोज वॉक या वर्कआउट करना चाहिए. अब सवाल यह उठता है कि वॉक या वर्कआउट करने के बाद कौन सा पानी पीना चाहिए. यानि ठंडा या गर्मी? सर्दियों में आप जिस तरह के पानी पीते हैं उसका सीधा असर शरीर पर पड़ता है. क्योंकि सर्दियों में आप जिस तरह के पानी को पी रहे हैं उसका असर शरीर पर पड़ता है. बहुत डिपेंड करता है कि आप वॉक के दौरान कैसा पानी पीते हैं क्योंकि इसका सीधा असर शरीर पर पड़ता है.

सर्दियों में वर्कआउट के बाद कुछ ऐसा पानी पिएं

वॉक करने के बाद शरीर का बीपी बढ़ जाता है. ऐसे में ठंडा पानी पीना अच्छा होता है. लेकिन अगर सर्दियों का मौसम है ऐसे में अगर आप वर्कआउट के दौरान या वॉक के बाद ठंडा पानी पिएंगे पिएंगे तो शरीर का टेंपरेचर में अचानक से बदलाव होगा. इससे सर्दी-जुकाम की समस्या भी हो सकती है.

ऐसे में एक बात का ख्याल रखें कि ज्यादा ठंडा पानी न पिएं इससे नसें सख्त हो सकती है. जिससे हार्ट का फंक्शन प्रभावित हो सकता है. और प्रेशर भी बढ़ सकता है. ठंडा और गर्म पानी को मिक्स करके पी लें. सर्दियों में वॉक करने के बाद गुनगुना पानी पीना सेहत के लिए बहुत ज्यादा फायदेमंद होता है.

वॉक करने के बाद गुनगुना पानी पिएं

वर्कआउट, वॉक या एक्सरसाइज करने के बाद गुनगुना पानी पीने के बाद ब्लड सर्कुलेशन ठीक हो जाता है. यह आपके ब्लड में मिलकर ब्लड सर्कुलेशन को ठीक करने का काम करता है. साथ ही बीपी को भी बैलेंस बनाने का काम करता है. वॉक करने के बाद गुनगुना पानी दिल के लिए बहुत ज्यादा फायदेमंद होता है.

पेट के लिए फायदेमंद

वॉक करने के बाद गुनगुना पानी पीने से पेट भी बहुत अच्छा रहता है. यह पेट के मेटाबोलिक रेट को भी बढ़ावा देता है. साथ ही फैट पचाने में मदद करता है. इसके अलावा जब आप गुनगुना पानी पीते हैं तो पाचन तंत्र भी अच्छा होता है. सर्दियों में गुनगुना पानी पीने से पेट, पेटा का दर्द, दस्त और वोमिटिंग से बचाव होता है.

# डायबिटीज से लेकर हाई बीपी तक...सब रहेगा अंडर कंट्रोल



दिसंबर से लेकर जनवरी तक कड़ाके की ठंड पड़ती है. घरा कुहरा और कम तापमान मौसम में ठंडक बनाए रखता है. जिसका असर हेल्थ पर पड़ सकता है. इस मौसम में हार्ट पेशेंट से लेकर ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और डाइजेशन पाचन की समस्याओं और मेंटल हेल्थ डिसऑर्डर वालों के कई चुनौतियों से गुजरना पड़ सकता है. यही कारण है कि ऐसे लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है. ठंड में सर्दी, फ्लू और सांस से जुड़ी दूसरी बीमारियां होना भी आम होता है. ऐसे में आइए जानते हैं सेहत को किस तरह ये दो महीने प्रभावित करते हैं...

सर्दी-जुकाम, फ्लू-जब भी तापमान में गिरावट होती है तो सर्दी-जुकाम और फ्लू की समस्याएं बढ़ने लगती है. चूंकि इस मौसम में सूर्य की रोशनी कम मिल पाती है. जिससे विटामिन डी की शरीर में कमी होने लगती है और इम्यून पावर कमजोर होने लगता है. इससे बीमार होने का खतरा बढ़ जाता है. इनसे बचने के लिए ठंड से बचाव के उपाय करने चाहिए.

ब्लड प्रेशर बढ़ाएगा परेशानी

सर्दियों में ब्लड प्रेशर की समस्या तेजी से बढ़ते हुए देखी जाती है. सर्दी के मौसम में बीपी ज्यादा और गर्मी में लो होती है. दरअसल, कम तापमान के चलते रक्त वाहिकाएं अस्थायी रूप से संकीर्ण होते हैं. इससे ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है. संकुचित नसों और धमनियों के जरिए रक्त को प्रवाहित करने के लिए ज्यादा दबाव की जरूरत होती है. इसका हार्ट हेल्थ पर असर पड़ सकता है. इसी वजह से ठंड में हार्ट अटैक के केस ज्यादा पाए जाते हैं.

डायबिटीज मरीजों की बढ़ती है समस्या

सर्दियों में ब्लड प्रेशर ही नहीं डायबिटीज के मरीजों की परेशानी भी काफी हद तक बढ़ सकती है. तापमान में गिरावट होने के साथ कई डायबिटिक में ब्लड शुगर बढ़ जाता है. ठंडा मौसम शरीर का तनाव बढ़ा देता है, जिसके प्रतिक्रिया में शरीर ऊर्जा को बढ़ाने कोर्टिसोल जैसे स्ट्रेस हार्मोन रिलीज करता है. ये हार्मोन इंसुलिन प्रोडक्शन को कम कर ब्लड शुगर लेवल के बढ़ाते हैं. इस स्थिति में किडनी, लिवर, हार्ट पर निगेटिव असर पड़ सकता है. इसे कंट्रोल में रखने शरीर को ठंड से बचाकर समय-समय पर दवाईयां लेते रहना चाहिए.

अस्थमा और सांस से जुड़ी समस्याएं

ऐसे लोग जो अस्थमा या सांस से जुड़ी बीमारियों से जूझ रहे हैं, उनके लिए दिसंबर-जनवरी का महीना कठिन हो सकता है. ठंडी, शुष्क हवाएं और मौसम में अचानक से आए बदलाव से बलगम जैसी समस्याएं बढ़ती हैं. जिससे अस्थमा ट्रिगर और हार्ट अटैक बढ़ सकता है.



## पंकज त्रिपाठी की फिल्म मैं अटल हूं का पहला गाना जारी

पंकज त्रिपाठी स्टारर फिल्म मैं अटल हूं का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। रवि जाधव के निर्देशन में बनी यह फिल्म जल्द रिलीज होने वाली है। पंकज त्रिपाठी बॉलीवुड के मंझे हुए स्टार्स में से एक हैं और इस फिल्म में वह पूर्व प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार निभा रहे हैं। अब मेकर्स ने इसका पहला गाना भी जारी कर दिया है। 25 दिसंबर को पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जयंती के खास मौके पर मेकर्स ने मैं अटल हूं का पहला गाना देश पहले जारी कर दिया है। इस गाने में देशभक्ति का जुनून देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही यह गाना इतिहास को फिर से लिखने वाले कवि अटल बिहारी वाजपेयी की दुनिया में ले जाता है। देश पहले गाने को जुबिन नौटियाल ने अपनी आवाज दी है और इसके बोल मशहूर गीतकार मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं। देश पहले गाने की रिलीज की जानकारी पंकज त्रिपाठी ने खुद अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दी है। गाने का वीडियो शेयर करते हुए एक्टर ने लिखा, दुनिया के सारे सुख पीछे, मेरा देश पहले।

## आलिया भट्ट-रणबीर कपूर ने क्रिसमस पर प्रशंसकों को दिया खूबसूरत तोहफा

### दिखाया बेटी राहा का चेहरा



रणबीर कपूर और आलिया भट्ट ने क्रिसमस के खास मौके पर अपने प्रशंसकों के एक बेहद खास तोहफा दिया है।दरअसल, उन्होंने पहली बार अपनी लाडली बेटी राहा कपूर का चेहरा मीडिया या कहें अपने प्रशंसकों को दिखाया है।रणबीर-आलिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों राहा को साथ लेकर एक क्रिसमस पार्टी से बाहर निकलते नजर आ रहे हैं।यह वीडियो मशहूर फोटोग्राफर मानव मंगलानी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर साझा किया है। रणबीर-आलिया पहली बार राहा को लेकर मीडिया के सामने आए हैं। वीडियो में देखा जा सकता है रणबीर, राहा को अपनी गोद में लेकर सभी पैपराजी से मिलवाते हैं।इस दौरान आलिया भी उनके साथ मौजूद हैं। पापा की गोद में राहा काफी शांत दिखीं।आलिया और रणबीर ने 14 अप्रैल, 2022 में अपने परिवार की मौजूदगी में सात फेरे लिए थे।दोनों ने बीते साल 6 नवंबर को अपनी बेटी राहा का इस दुनिया में स्वागत किया था।

## शाहरुख खान की फिल्म डंकी ने दुनियाभर में किया 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार



पठान और जवान के बाद शाहरुख खान की इस साल की तीसरी फिल्म डंकी सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है।इस फिल्म को बेशक प्रभास की सालार से भिड़ंत का नुकसान उठाना पड़ रहा है, लेकिन किंग खान के प्रशंसकों के बीच डंकी की जबरदस्त दीवानगी देखने को मिल रही है।यही वजह है कि दुनियाभर में भी फिल्म का खूब डंका बज रहा है, वहीं भारतीय बॉक्स ऑफिस पर यह 100 करोड़ी बन चुकी है। डंकी ने चार दिन में दुनियाभर में 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म ने 211.13 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।रेड चिलीज एंटरटेनमेंट ने यह जानकारी देते हुए डंकी का पोस्टर साझा किया है और इसके साथ लिखा, इस त्योहारी सीजन में, आपके प्यार ने हमें साल का सबसे अच्छा उपहार दिया है।

# ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर की शानदार तिगड़ी

साल 2023 कई बड़ी फिल्मों के लिए बेहतरीन बीता। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी शाह रुख खान-दीपिका पादुकोण फिल्म पठान हो या फिर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल बॉक्स ऑफिस पर इस साल बड़ी-बड़ी जंग देखने को मिली।

अब हम सब साल 2023 को अलविदा कहने की तरफ कदम रखते हुए नए साल में एंट्री करने के लिए बिल्कुल तैयार हैं। साल 2024 के साथ ही दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन की फिल्म फाइटर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ये फिल्म कब रिलीज होगी, इस अपडेट को देने के साथ ही मेकर्स ने फिल्म का एक नया पोस्टर रिलीज किया है। अब तक मेकर्स फाइटर फिल्म से दीपिका पादुकोण से लेकर ऋतिक रोशन और करण सिंह ग्रोवर सहित कई स्टार्स के पोस्टर शेयर कर दिए हैं। इसके अलावा फिल्म के दो गाने और पहला टीजर भी स्टार्स द्वारा रिलीज किया गया। जिसे देखने के बाद फैंस पहली बार बॉलीवुड डीवा दीपिका पादुकोण और एक्टर ऋतिक रोशन की जोड़ी को देखने के लिए उत्सुक हो गए थे। अब हाल ही में सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी फाइटर के लीड एक्टर ऋतिक रोशन ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक नया पोस्टर शेयर किया है, जिसमें उनके साथ-साथ दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर को देखते ही फैंस की बैचेनी दोगुनी बढ़ चुकी है। इस नए पोस्टर को शेयर करने के साथ ही ऋतिक रोशन ने ये भी बताया कि उनकी और दीपिका पादुकोण स्टारर फाइटर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए बस अब 1 महीना बाकी है। उन्होंने पोस्टर के साथ मूवी का कैप्शन शेयर करते हुए लिखा, एयर ड्रैगन ने आप सबसे 1 महीने में मिलने के लिए अपनी कमर कस ली है। फाइटर थिएटर में 25 जनवरी 2024 को रिलीज हो रही है।

ये फिल्म 75वें गणतंत्र दिवस पर रिलीज होगी। आपको बता दें कि 25 जनवरी की डेट सिद्धार्थ आनंद के लिए काफी लकी साबित हुई है। उनकी लास्ट रिलीज फिल्म पठान भी इस तारीख को ही रिलीज हुई थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर 2023 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनकर एक इतिहास लिखा।



## शब्द सामर्थ्य -285


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 284 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

## सालार और डंकी के तूफान के आगे रणबीर की एनिमल की कमाई चौथे सप्ताह भी जारी

संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी फिल्म एनिमल शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है।रिलीज के चौथे सप्ताह में भी फिल्म का खुमार दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है।फिल्म में रणबीर कपूर के साथ रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल,अनिल कपूर के अभिनय की भी जमकर तारीफ हो रही है। शुरुआत से धुआंधार कारोबार करने के बाद अब डंकी और सालार के सिनेमाघरों में दस्तक देते ही एनिमल की कमाई की रफ्तार धीमी हो गई है। एनिमल की कमाई के 24वें दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने चौथे रविवार (24वें दिन) 2.18 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 536.17 करोड़ रुपये हो गया है।भारतीय बॉक्स ऑफिस पर एनिमल ने 550 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही है।दुनियाभर में भी फिल्म का खूब डंका बज रहा है। यह फिल्म 862.21 करोड़ रुपये कमा चुकी है। रणबीर ने 2004 में आई शॉर्ट फिल्म कर्मा के जरिए अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी।



# प्रभारी कलेक्टर ने हर हितग्राही तक भारत संकल्प का लाभ पहुंचाने को कहा

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्रभारी कलेक्टर डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने समय-सीमा की बैठक में उपस्थित विभागीय अधिकारी से विभिन्न मुद्दो पर विमर्श किया तथा लंबित प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की।

डॉ. चतुर्वेदी ने राजस्व संबंधी प्रकरणों की जानकारी लेते हुए लंबित प्रकरणों पर तत्काल जनपद पंचायत के सीईओ तथा तहसीलदार एवं राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि बटांकन, नामांतरण, सीमांकन जैसे कार्यों को त्वरित गति से किया जाए।

डॉ. चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम सम्मान निधि, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत योजना, पीएम जन विकास कार्यक्रम प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड आदि के बारे में संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा पात्र हितग्राहियों को इसका लाभ मिले इसके लिए सभी जनपद सीईओ गांव-गांव से जानकारी प्राप्त करें। विकसित भारत संकल्प यात्रा से पात्र हितग्राही को मिले लाभ-समय सीमा की बैठक



में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में सभी विभाग के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करने के साथ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा महज यात्रा नहीं है बल्कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना और जरूरतमंद तथा पात्र हितग्राहियों को इसका लाभ दिलाना है। सभी अधिकारी-कर्मचारी को इस मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील भी की।समय-सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक धान खरीदी भी है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। धान खरीदी केन्द्र के नोडल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे नियमित रूप से धान खरीदी केन्द्र पहुंचे और उसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को भी दी जाए। उन्होंने सहकारी बैंक के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आकस्मिक बारिश होने के पूर्व धान के रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित करें। किसानों को बारदाना नहीं मिलने या खरीदी केन्द्र में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो इस पर भी अमल करने के निर्देश दिए। डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि आधार कार्ड नहीं बनने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, अतः शिविर लगााकर आधार कार्ड बनाया जाए। वहीं राशन कार्ड समय पर नहीं बनने को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए तत्काल शिविर लगाने के निर्देश दिए ताकि जरूरतमंदों का राशन कार्ड बनाए जा सके। -किसान क्रेडिट कार्ड की जानकारी देते हुए उप संचालक, कृषि ने बताया कि बैकुण्ठपुर एवं सोनहत विकासखंड के अंतर्गत 49 हजार 720 राजस्व कृषकों के 23 हजार 134 किसानों को केसीसी कार्ड वितरण किया जा चुका है तथा 4 हजार 161 वन पट्टाधारी कृषकों के 1 हजार 884 किसानों को कार्ड वितरण किया गया है। अब-तक 25 हजार केसीसी कार्ड वितरण हुआ और 28 हजार 863 किसानों का केसीसी बनाया जाना है। डॉ. चतुर्वेदी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि तत्काल कार्य योजना बनाएं और व्यक्तिगत रूचि लेते हुए केसीसी कार्ड बनाकर संबंधित किसानों को वितरण करना सुनिश्चित करें। डॉ. चतुर्वेदी माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर में लंबित प्रकरणों का संज्ञान लेते हुए कहा कि संबंधित विभाग व अधिकारी लंबित प्रकरणों का निराकरण करें इस पर विशेष ध्यान दें। जानकारी के मुताबिक अभी तक उच्च न्यायालय में 48 प्रकरण लंबित है। डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि साप्ताहिक जनचौपाल में प्राप्त आवेदन का परीक्षण कर शीघ्र निराकरण करें ताकि संबंधित की समस्या, समय पर समाधान हो सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जरूरतमंद या हितग्राही बड़ी उम्मीद के साथ यहां आवेदन देते हैं ताकि उनकी समस्या का समाधान हो। ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार की हीलावाला ठीक नहीं है और जिम्मेदारियों के साथ समाधानपरक कार्य करें ताकि संवेदनशील प्रशासन की छवि बने।

## एमबीबीएस में प्रवेश दिलाने के नाम पर आठ लाख की ठगी

**बलरामपुर।** मेडिकल कालेज में एमबीबीएस में प्रवेश दिलाने के नाम पर जालसाजों ने दुकान संचालक सुभाष यादव से लगभग आठ लाख रुपये की ठगी कर ली। सुभाष यादव को उनकी बेटी के नाम पर मेडिकल कालेज में प्रवेश के लिए फर्जी पत्र भेजकर पहले विश्वास में लिया। प्रक्रियाओं का हवाला देकर अलग-अलग किस्तों में राशि ले ली। अब जालसाजों को फोन भी नहीं लग रहा है।

ग्राम दहेजवार निवासी सुभाष यादव (44) दुकान का संचालन करते हैं। उनकी पत्नी शिक्षिका हैं। वे परिवार समेत बलरामपुर में ही रहते हैं। उनकी पुत्री कुमारी पुष्पलता यादव ने इस वर्ष की नीट परीक्षा में 491 स्कोर लाया था। नीट स्कोर के आधार पर मेडिकल कालेज में सीट आवंटन नहीं हो पा रहा था। इस बीच बीते दो अक्टूबर को सीट आबंटन के लिए सुभाष यादव की बेटी के मोबाइल फोन में फोन आया। फोन करने वाले ने अपना नाम रोहित रंजन बताते हुए बोला कि आपको कालेज में सीट मिल जाएगा लेकिन इसके लिए आपको तीन लाख रुपए जमा करना पडेगा।इसके बाद नौ अक्टूबर को उसी मोबाईल धारक व्यक्ति द्वारा फर्जी अलाटमेन्ट लेटर भेजा गया तो लेटर को असली समझ कर सुभाष यादव उसके झांसे में आकर ठग द्वारा बताए खाता नंबर पर राशि अंतरण करना शुरू कर दिया। खाताधारक का पता साकेत नगर लंका थाना वाराणसी उत्तर प्रदेश था। बेटी के पिता ने बीते नौ अक्टूबर 2023 को ही तीन लाख रुपये जमा कर दिए।

## महिला से अनाचार, मौत होने पर ढोढ़ी में फेंक दिया शव, हुआ प्रदर्शन

**सीतापुर।** दुष्कर्म व हत्या के आरोपित को फांसी की सजा देने की मांग करते हुए स्वजन व ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया। प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों की समझाइश के बाद लोग सड़क जाम बंद कर थाने जा पहुंचे। थाना परिसर में जोरदार नारेबाजी कर आरोपित को फांसी की सजा देने की मांग की। यहां भी प्रशासनिक अधिकारियों को हस्तक्षेप करना पड़ा। तब जाकर मामला शांत हुआ। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा है।



दरअसल सीतापुर थाना क्षेत्र के एक गांव के खुले कुएं में विवाहिता की लाश बीते 21 दिसंबर को मिली थी। पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि आरोपित सुनील तिर्की बीते 20 दिसंबर 2023 को मृतका से मिलने पहुंचा था। मिलने के दौरान युवक ने उससे शारीरिक संबंध बनाने की इच्छा जाहिर की।जिसके बाद विवाहिता नाराज हो गई और दोनों के बीच कहा -सुनी हो गई। आवेश में आकर आरोपित ने महिला को धक्का देकर नीचे गिरा दिया।जिसके बाद वह उठी और लोगो को बताने की बात कह चिल्लाने लगी। विवाहिता का यह रूप देख युवक डर गया और उसने हाथो से उसका मुंह और नाक दबा दिया।युवक द्वारा मुंह और नाक दबाए जाने से महिला बेहोश हो गई। युवक अपने कंधों पर लादकर कुछ दूर ले गया और बेहोशी की हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया। इस घटना के बाद काफी देर तक जब विवाहिता के शरीर मे कोई हरकत नही हुई,युवक द्वारा हिलाने डुलाने के बाद भी जब शरीर मे कोई हरकत नही हुई।तब उसे इस बात का एहसास हुआ कि महिला मर चुकी है।यह देख युवक घबरा उठा और उसने महिला का शव उठाकर कुछ दूर स्थित ढोढ़ी में डाल दिया।इस घटना की सूचना के बाद जब पुलिस ने मौके से शव पोस्टमार्टम हेतु हॉस्पिटल भिजवाया।तब जाकर इस बात का खुलासा हुआ कि मृत महिला के साथ दुष्कर्म भी हुआ है।इसके बाद पुलिस के कान खड़े हो गए और उसने साइबर सेल की मदद से मृतका की मोबाईल को छानबीन की गई।छानबीन के दौरान यह बात सामने आई कि मृतका का युवक के साथ बातचीत होता रहता था।जिसके बाद संदेह के आधार पर पुलिस ने युवक को थाने लाकर पूछताछ की।तब युवक ने कबूल करते हुए महिला की हत्या एवं दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने की बात कही।

## बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन पार

**रायपुर।** रिक्शा में सवार बुजुर्ग महिला के गले से अज्ञात चोर ने सोने की चेन पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया अमृत बाई 77 वर्ष इंदापारा भिलाई 3 की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया पचपेड़ी नाका ओव्हरब्रीज के पास से ई-रिक्शा में बैठक बस स्टेण्ड जा रही थी, तभी अज्ञात चोर ने उसके गले से सोने का चेन पार कर दिया। चोरी गए चेन की कीमत करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## युवक पर धारदार हथियार से हमला

**रायपुर।** रामसागरपारा में दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर धारदार हथियार से हमला कर चोट पहुंचाया।

## सोनहत में मनाया सुशासन दिवस, योजनाओं की दी जानकारी

**कोरिया बैकुंठपुर।** सुशासन दिवस की संकल्पना को जमीन पर यथार्थ रूप में कैसे कब और किन तरीकों से क्रियान्वित किया जाएगा इन समस्त मूल सिद्धांतों को अमली जामा पहनाने के लिए धान खरीदी केंद्र सोनहत में सुशासन दिवस के संबंध में एक विशाल शिविर का आयोजन कलेक्टर कोरिया विनय कुमार लगेह के निर्देशानुसार और अनुविभागीय राजस्व अधिकारी सोनहत राकेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में किया गया।

शिविर में सुशासन दिवस क्या है और इसके क्या उद्देश्य हैं के संबंध में विस्तृत चर्चाएं हुई। साथ ही सोनहट विकासखंड अंतर्गत सत्र 2014-15 एवं 15 16 के शेष रह गए धान बोनस थे उनका भी डिजीटल वितरण कार्य किया गया। इस अवसर पर सुसज्जित मंच और भारी भीड़ के बीच में अनविभागीय राजस्व अधिकारी राकेश कुमार साहू ने अपने संदेश प्रस्तुति के दौरान उपस्थित समस्त किसान एवं आम जनों को सुशासन दिवस एवं धान बोनस के संदर्भ में विस्तृत तौर पर बातें बताईं। उन्होंने आंकड़ों को बताते हुए बताया कि विकासखंड के 1423 किसानों को लगभग 2 करोड़- का लाभांश वितरण किया जाना है । इस अवसर पर राज्य स्तरीय अभनपुर के कार्यक्रम का एलईडी पर्दे पर सीधा प्रसारण भी किसानों को दिखाया गया ।माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के उद्बोधन एवं उनके द्वारा राज्य के विभिन्न



किसानों से किए गए सीधे संवाद का प्रसारण भी आयोजन स्थल पर किया गया। संपूर्ण आयोजन में किसानों को सूची के माध्यम से पढ़कर एवं लिखित स्वरूप में उनके खाते में स्थानांतरित होने वाली बोनस की राशि के संबंध में बताया गया। एवं 100 किसानों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस पूरे आयोजन में अतिथि के रूप में जनपद पंचायत के सदस्य राम प्रताप मरावी श्रीमती सोनिया प्रकाश राजवाड़े एवं सरपंच पंच ईस्वर राजवाडे एवम मनोज साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान धान बोनस वितरण के अलावा छत्तीसगढ़ की अन्य किसान संबंधी योजनाओं के बारे में भी बताया गया। संपूर्ण कार्यक्रम के सफल दायित्व निर्वहन हेतु पूर्व से अनविभागी राजस्व अधिकारी राकेश कुमार साहू एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सोनहत अलेक्जेंडर पन्ना के द्वारा सुंयोजित योजना पर कार्य किया गया। जिसका रूपांतरण कार्यक्रम स्थल पर दिखा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अन्य विभागीय अधिकारी सहकारिता तथा राजस्व के अमले का भरपूर सहयोग रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन मारुति शर्मा के द्वारा किया गया।

## वीर बाल दिवस, मातृभूमि और धर्म की रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है :जायसवाल

**कोरिया बैकुंठपुर।** वीर बाल दिवस प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को मनाया जाता है। यह उत्सव, सिक्खों के 10वें गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादे बाबा फतेह सिंह और जोरावर सिंह की शहादत के सम्मान में मनाया जाता है। जिसको लेकर देश के यशस्वी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 जनवरी, 2022 को गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के दिन घोषणा की थी कि, 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पूरे देश में मनाया जायेगा।जिसके मद्देनजर 26 दिसंबर दिन मंगलवार को बैकुंठपुर स्थित प्रेमाबग गुरुद्वारा साहिब में आम शहरी,सिख समुदाय व भाजपा नेताओं ने साहिबजादे बाबा फतेह सिंह व जोरावर सिंह की शहादत को नमन किया और इनके बलिदान दिवस पर नम आंखों से दोनो साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित किया । जिस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने बताया की श्री गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों, साहिबजादा, बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की याद में




वीर बाल दिवस का आयोजन किया जाता है।वीर बाल दिवस दो अबोध बालकों के मातृभूमि और अपने धर्म के प्रति सच्ची शहादत के इतिहास की याद दिलाता है।उन्होंने बताया की पंजाब में सिखों के नेता गुरु गोबिंद सिंह के चार बेटे थे। उन्हें चार साहिबजादे खालसा कहा जाता था।गुरु गोबिंद सिंह ने 1699 में खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसकी स्थापना, सिखों को उनके धर्म के आधार पर भेदभाव की समाप्ति के उद्देश्य से की गई थी।गुरु गोबिंद सिंह की तीन पत्नियों से चार बेटे थे- अजीत, जुझार, जोरावर और फतेह, जो सभी खालसा का हिस्सा थे। उन चारों को 19 साल की उम्र से पहले ही मुगल सेना ने मार डाला था। जिसमे साहिबज़ादे ज़ोरावर सिंह और फ़तेह सिंह सिख धर्म के दो सबसे प्रसिद्ध शहीद हैं। जिन्हे औरंगजेब द्वारा सन 1704ई में मुगल सेना ने आनंदपुर साहिब को घेर लिया था और गुरु गोबिंद सिंह के दो पुत्रों को कैद कर लिया था। जिसके बाद उनके सामने शर्त रखी गई कि वे इस्लाम कबूल कर लेंगे तो उन्हें नहीं मारा जाएगा। परंतु दोनो साहिबजादों ने धर्मान्तरण के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जिसके बाद मुगलों द्वारा दोनो साहिबजादों को मौत की सजा दी गई और ईंट की दीवार में उन्हें जिंदा चुनवा दिया गया।जायसवाल ने बताया की इन दोनों शहीदों ने धर्मान्तरण की बजाय मौत को गले लगाना मंजूर कर लिया । बाल वीर दिवस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल,महामंत्री पंकज गुप्ता , विनोद साहू ,जिला उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे,हनी सिंह, बलजीत सिंह, गुड्डु सरदार, परमजीत कौर,अरशद खान, प्रखर गुप्ता ,कुणाल जायसवाल,सोना लाल राजवाड़े,राजेश साहू, धीरेन्द्र,विष्णु राजवाड़े ,आशीष यादव ,अनिल राजवाड़े ,रवि ,विकास दुबे , सुदीप सोनी, महेंद्र जैन उपस्थित रहे।

## मोबाइल छीनकर भाग रहा युवक पकड़ाया

**रायपुर।** गुरूनानक चौक स्थित निवेदिता स्कूल के पास बाइक सवार तीन युवक एक युवती के हाथ से मोबाइल छीनकर भाग रहे थे। तभी गिर जाने से एक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मामले में गंज पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया देवकी साहू 18 वर्ष अपनी सहेली के साथ पैदल घर जा रही थी, तभी गुरूनानक चौक स्थित निवेदिता स्कूल के पास बाइक सवार तीन युवक पीछे से आए और प्रार्थिया के हाथ से मोबाइल छीनकर भागने लगे।

तभी मोबाइल पकड़े युवक नीचे गिर गया। जिससे आसपास के लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी सौरव श्रीवास्तव 20 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## 139वें स्थापना दिवस पर कांग्रेस ने रैली करने की योजना बनाई, बड़ी भागीदारी प्रस्तावित



**बैकुंठपुर।** हैं तैयार हम स्लोगन को लेकर महाराष्ट्र (नागपुर) राष्ट्रीय रैली 139वें कॉन्ग्रेस स्थापना के उपलक्ष में 28 दिसम्बर को आयोजित हैं, राष्ट्रीय स्तर की इस रैली में देशभर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी, कार्यकर्ता लाखों की संख्या में शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ से भी हजारों की संख्या में सभी जिलों से कार्यकर्ता शामिल होंगे। नागपुर की यह रैली देश की राजनीति में परिवर्तन का शंखनाद होगी। मुख्य मुद्दों को उठाते हुए बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में केंद्र की भाजपा सरकार की विफलता, संवैधानिक संस्थाओं की स्वायता पर हमला के विरोध में यह रैली आम आदमी की आवाज होगी। कांग्रेस पार्टी अपने स्थापना के समय 1885 से ही जनता के लिये जनता की आवाज बन कर संघर्ष करती रही है। देश के आजादी के लड़ाई कांग्रेस पार्टी ने लड़ा देश की आजादी के बाद भारत के नवनिर्माण में भी कांग्रेस का महत्वपूर्ण योगदान है। जनसमस्याओं को लेकर मुखर है हम जनता की आवाज बने रहेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में बदलाव को लेकर है तैयार हम। मुख्यबिंदू पर प्रेसवार्ता में चर्चा किया गया । प्रेसवार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक अंबिका सिंह देव, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेसी बृजवासी तिवारी, विकास श्रीवास्तव, भूपेंद्र यादव, रामकृष्ण साहू, धीरज सिंह, सौरभ गुप्ता साथ ही कांग्रेस पार्टी के कार्यकता उपस्थित रहे।

## आसमान साफ, तापमान में गिरावट वापस लौटी ठंडी

**रायपुर।** पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद आसमान के साफ होने से एक बार फिर ठंड की वापसी के आसार हैं। अभी हवा की दिशा पूर्वी है, जिसकी वजह से तापमान में अधिक गिरावट नहीं होगी और ठंड का असर बहुत अधिक होने के आसार नहीं हैं। बादल साफहोने की वजह से रविवार की सूबह काफी देर तक धूंध का असर रहा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव राज्य में न्यूनतम तापमान दो डिग्री तक चढ़ गया. था, वहीं रायपुर का पारा भी 14 डिग्री के करीब पहुंच गया था। विक्षोभ का असर रविवार को समाप्त हों गया, जिसकी वजह से आसमान खुलने से तापमान में अब गिरावट के आसार हैं। मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा के मुताबिक हवा की दिशा अभी भी पूर्वी है, जिसकी वजह से तापमान में बहुत ज्यादा गिरावट नहीं होगी। रविवार की सूबह शहर में काफी देर तक कोहरे जैसी स्थिति बनी रही, जिसके छंटने के बाद ठंड महसूस हुई। रायपुर का अधिकृतम तापमान 27.6 डिग्री तक पहंचा, जो सामान्य स्थिति में रहा। अगले चौबीस घंटे में इसमें एकाध डिग्री तक बढ़ोतरी होने की संभावना है। इस बार दिसंबर में राज्य का तापमान पांच डिग्री से नीचे तक चला गया था, वहीं रायपुर का पारा 12 डिग्री तक पहुंचा।

## वीरों की पहचान अनुशासन, शालीनता,विनम्रता-डॉ. चतुर्वेदी

**कोरिया बैकुंठपुर।** जोर से चिल्लाना, तेज आवाज में बात करना, गुस्सा से आंख लाल करना यह वीरों की पहचान नहीं है बल्कि वीर तो अनुशासित होते हैं, शालीनता से ओतप्रोत होते हैं, वे बेहद विनम्र होते हैं। यह बात आज कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित वीर बाल दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी व प्रभारी कलेक्टर डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बच्चों से साझा की। डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि हर इंसान वीर होते हैं, उन्हें अवसर की दरकार होते हैं और जो अवसर पर में आपने आपको साबित करें वहीं वीर कहलाते हैं। डॉ. चतुर्वेदी ने कहा लम्बे, चौड़े कद वाले व्यक्ति ही वीर नहीं होते बल्कि एक मासूम भी वीर होते हैं, क्योंकि वे अपने सूझबूझ से किसी की जिन्दगी बचा देते हैं, वे कोई शारीरिक ताकतवार नहीं होते लेकिन उनके वीरता दिलों में वास करते हैं।

स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम के बच्चों ने 'तलवारों पे सिर वार दिए..अंगारों में जिस्म जलाया है.. तब जाके कहीं हमने सर पे ये केसरी रंग सजाया है... तेरी मिट्टी में मिल जावां..गुल बनके मैं खिल जावां... भावपूर्ण गीत गाकर स्वामी आत्मानंद स्कूल के इन बच्चों ने मंच को देशभक्ति से ओतप्रोत किया। वीर बाल दिवस के अवसर पर चित्रकला, कविता, निबंध, गायन, पठन का आयोजन किया गया था। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यलाय, बैकुण्ठपुर तथा स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, खरवत के



छात्र-छात्राओं को डॉ. चतुर्वेदी ने प्रथम, दि्वतीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। बी.कॉम द्वितीय की छात्रा कुमारी पूनम एवं कक्षा ग्यारहवीं की कुमारी रेशमी राजवाड़े ने चित्रकला में प्रथम स्थान प्राप्त की, बी.ए. द्वितीय की छात्रा तनिषा तिवारी एवं बारहवीं की छात्रा कुमारी प्रियांजलि राजवाड़े, कविता पाठ में प्रथम स्थान दर्ज की, बीएससी प्रथम की छात्रा रविकला कुजूर एवं ग्यारहवीं की छात्रा कुमारी मोनिका रजवाड़े ने निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रही, गायन में बीएससी प्रथमवर्ष की छात्रा कुमारी सोनिया रानी एवं बारहवीं के छात्र श्री प्रभुराम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा पठन विषय पर बी.ए. प्रथम की छात्रा रीता व ग्यारवहीं की छात्रा आकांक्षा राजवाड़े ने अव्वल स्थान रहीं। डॉ. चतुर्वेदी ने बच्चों से कहा कि लक्ष्य तय करें और खूब मेहनत करें। उन्होंने वीर बाल दिवस मनने के पीछे महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। साहिबजादे जोरावर सिंह (9) और फतेह सिंह सिख धर्म के सबसे सम्मानित शहीदों में से हैं। मुगल सैनिकों द्वारा आनंदपुर साहिब को घेर लिया गया था। इस घटना में गुरु गोबिंद सिंह के दो पुत्रों को पकड़ लिया गया और उन्हें मौत की सज़ा दी गई तथा उन्हें जिंदा ईंटों की दीवार में चुनवा दिया गया। डॉ. चतुर्वेदी ने बच्चों से कहा कि विनम्रता, अनुशासन, शालीनता ही वीरों की पहचान है। इसलिए आप वीर हैं और सदैव ही अनुशासन रहते हुए शालीनता के साथ विनम्र व्यवहार की पूंजी को बना कर रखें।

आयोजन के अवसर पर एसडीएम सोनहत राकेश कुमार साहू, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी रमेश कुमार साहू, बाल सरंक्षण अधिकारी पंकज वर्मा, महिला संरक्षण अधिकारी श्रीमती वित्तबाला श्रीवास्तव, बाल कल्याण अधिकारी सुनील शर्मा, अधीक्षक चन्द्रेश सिसोदिया सहित प्राचार्य, व्याख्याता एवं अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** रजबंधा मैदान के पास मौदहापारा पुलिस ने गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी शेख इस्लाम 18 वर्ष को पकड़कर उसकी पैंट की तलाश ली, तो उसके पास से 100 ग्राम गांजा और नकदी 560 रुपए मिला। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## अवैध रूप से भंडारित 60 बोरी धान जब्त

**बलरामपुर।** कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने सभी निगरानी दलों, नोडल तथा राजस्व अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं कि धान के अवैध परिवहन एवं संग्रहण पर लगातार कार्रवाई हो तथा वास्तविक कृषकों से ही धान खरीदी की जाये। उपार्जन केन्द्रों में कृषकों के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं हो ताकि वे सुगमता से धान का विक्रय कर पाएं। कलेक्टर आर एक्का के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वाड्रफनगर के मार्गदर्शन में तहसीलदार रघुनाथनगर के द्वारा अवैध रूप से भंडारित लगभग 60 बोरी धान जब्त किया गया है। ग्राम झपरा के निवासी रमदसिया के घर में जांच में पाया गया कि रमदसिया के द्वारा 60 बोरी धान अवैध रूप से अपने घर में भंडारित किया गया था। कलेक्टर एक्का ने जिले में अवैध धान की आवक को रोकने के लिए टीम गठित कर कोचियों एवं बिचौलियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही नागरिकों से अपील की है कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि तथा अनियमितता होने पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिसमें शिकायतकर्ता की जानकारी पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाएगी।

## लाटरी लगाने के नाम पर झांसा देकर ठगी,आरोपित गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** लाटरी लगने के नाम पर झांसा देकर ठगी करने के मामले में सरगुजा पुलिस ने आरोपित अनुपम पटेल ( 24) निवासी मरकरा थाना रामनगर जिला मैहर मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से एक लाख 80 हजार रुपये नकद बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम इमलीटिकरा निवासी सुखमनिया पैकरा को 25 लाख का इनाम फंसने का लालच देकर ठगी की गई थी। सुखमनिया ने थाने में शिकायत की थी कि एक व्यक्ति ने कॉल कर जिओ नंबर पर 25 लाख रुपये एवं एक गाड़ी का लॉटरी लगने की बात बोलकर झांसे मे लेकर अलग-अलग किश्तों मे एक लाख 80 हजार रुपये की ठगी की है। पुलिस की जांच का आधार आरोपित द्वारा उपयोग में लाया गया मोबाइल नंबर बना। इसी मोबाइल नंबर लोकेशन के आधार पर पुलिस ने आरोपित अनुपम पटेल को हिरासत में लिया। पूछताछ किए जाने पर घटना कारित करना स्वीकार किया।

# गौ सेवकों की सतर्कता से तस्कर छोड़ भागा गायों से भरी पिकअप, वाहन जब्त

## झारखंड पासिंग गाड़ी पकड़ी गई पाथा के पास

-स्थानीय संवाददाता-

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में लंबे समय से गौ तस्करी को लेकर न केवल आरोप लगते रहे हैं बल्कि इस प्रकार के मामले भी सामने आए हैं। कुछ मामलों में आरोपियों को पशु क्रूरता के अंतर्गत जेल भेजने की कार्रवाई पुलिस द्वारा की गई है। इस कड़ी में पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में लोगों के सतर्क होने पर एक तस्कर 10 से अधिक गायों और वाहन को छोड़ भाग निकला। बाद में ट्रैक्टर से पिकअप को टोचन कर बांगो थाना के हवाले किया गया। प्रकरण में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

बुधवार की रात्रि एक बजे के आसपास यह मामला बांगो पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पाथा गांव में प्रकाश में आया। गौ सेवक नानक सिंह राजपूत, दीपक अग्रवाल और उनके साथियों को खबर मिली थी कि कुछ दिनों से गौ तस्करी को लेकर संदिग्ध लोग काम कर रहे हैं, इससे गौ संपदा को नुकसान पहुंच रहा है। क्षेत्र के जागरूक लोगों ने इस बारे में मंत्रणा की और रात्रि में ग्रामीण रास्ते से होकर आवाजाही करने वाले वाहनों पर निगाह रखना शुरू कर दी। इसके परिणाम सामने आए। बताया गया कि रात्रि को झारखंड में पंजीकृत पिकअप संख्या जेएच-01डीजी-5436 यहां से गुजर रहा था। वाहन के आगे बढ़ने से पहले ही आगे बैठे युवाओं ने उसे रोकवाने की पूरी योजना बनाई। माजरा समझने के साथ कुछ दूर पहले ही चालक ने गाड़ी रोक दी और चाबी निकालने के साथ भाग खड़ा हुआ। मामला यहीं से संदिग्ध हो गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसके पिछले हिस्से में 10 से ज्यादा गाय मौजूद मिली जो ठूंस-ठूंस कर इसमें भरी गई थी। उनकी सुरक्षा के लिए किसी प्रकार के प्रबंध नहीं करने से शक यकीन में बदल गया कि कुल मिलाकर मामला गायों की तस्करी का हो सकता है। इस मामले को पकड़ने वाले युवाओं ने मौके के वीडियो बनाए। कुछ घंटे बाद गांव के एक ट्रैक्टर की मदद से गायों से लोड पिकअप को टोचन किया गया और उसे पाथा से बांगो पुलिस थाना भेज दिया गया। पुलिस को इस मामले में पूरी जानकारी दी गई है। माना जा रहा है कि वाहन के रजिस्ट्रेशन के आधार पर वास्तविक आरोपी तक पुलिस पहुंच सकती है।



*तस्कर के वाहन से मुक्त करायी गई गायों के साथ गौ सेवक।*

### झारखंड की गैंग है सक्रिय

जानकारों ने बताया कि आदिवासी बाहुल्य पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों में मवेशी तस्करी को लेकर झारखंड की गैंग काफी समय से सक्रिय है। स्थानीय भाषा में लोग इन्हें रउहा के नाम से जानते हैं। अपने काम को अंजाम देने के लिए तस्करों का गिरोह कुछ स्थानीय लोगों से सांठगांठ किये हुए है। छत्तीसगढ़ राजनगर से अपना वास्ता होने का झांसा देकर तस्कर अपने काम को अंजाम देते रहे हैं। गर्मी के सीजन में इन लोगों की संख्या बढ़ जाती है। संबंधित लोग अपनी गतिविधियों को संचालित करने के लिए तर्क देते हैं कि खेती-किसानी के लिए मवेशियों को लेकर जा रहे हैं। वर्तमान में जब सीमांत किसान भी आधुनिक साधनों का उपयोग कर रहे हैं तो सवाल उठता है कि आखिर ऐसे लोग कौन हैं जो मवेशी पर निर्भर हैं।

### *की जा रही कार्रवाई*

*11 मवेशियों से लोड पिकअप को पुलिस ने कब्जे में लिया है। इनमें से दो गाय मृत मिली है। उन्हें पीएम के लिए भेजा जा रहा है। अन्य मामले में पंचनामा के साथ दोषियों के विरूद्ध 36क पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।*

***-कृष्ण कुमार वर्मा, थाना प्रभारी बांगो***

नए साल में प्री-पेड मीटर लगाने की तैयारी

# मोबाईल की भांति बिजली का करना होगा रिचार्ज

**कंपनी को रीडिंग व बकाया वसूली झंझट से मिलेगी मुक्ति**

**कोरबा।** जिले के उपभोक्ताओं को अब मोबाईल की भांति बिजली का रिचार्ज करना होगा इसके लिए बिजली कंपनी द्वारा स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगाने की तैयारी कर ली गई है। इसकी शुरूआत नये साल की जाएंगी । बिजली के लिए रिचार्ज सिस्टम लागू होने से बिजली कंपनी को मीटर रिडिंग तथा बकाया राशि वसूली के झंझट से छुटकारा मिल सकेगा। खबरों के मुताबिक सरकारी दफ्तरों के बाद घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के घरों में पोस्टपेड की जगह स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगाए जाएंगे। साल 2024 में यह काम शुरू होगा। टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगने पर मोबाइल की तरह बिजली उपभोक्ताओं को रिचार्ज करना होगा। बिजली की खपत के हिसाब से प्लान ले सकेंगे। अभी समय पर बिजली बिल का भुगतान नहीं कर रहे उपभोक्ताओं से वितरण कंपनी को बकाया राशि वसूलने की चिंता रहती है।

केन्द्र की आरडीएसएस स्कीम के पहले चरण में बिजली उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगाए जाने की योजना है। उसके बाद उपभोक्ताओं को बिजली की खपत के हिसाब से प्लान लेकर बिजली का उपयोग करना पड़ेगा। स्मार्ट प्री-पेड मीटर का रिचार्ज खत्म होने पर स्वतः ही बिजली आपूर्ति ठप हो जाएगी। अभी लोगों के घरों में जो मीटर लगा है, उसमें एक महीने की बिजली की खपत के हिसाब से बिल थमाया जाता है, उसके बाद उपभोक्ताओं को राशि का भुगतान करना होता है।

इसी कारण हर साल औसत खपत के हिसाब से दो महीने के बिल के बराबर सुरक्षा निधि भी ली जाती है। स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगने के बाद मोबाइल की तरह पहले रिचार्ज कराना होगा, तब जाकर बिजली का उपयोग कर पाएंगे। ऐसे में सालभर की औसत खपत के हिसाब से ली जाने वाली सुरक्षा निधि बिजली उपभोक्ताओं को देना नहीं पड़ेगा। दूसरी ओर वितरण कंपनी को उपभोक्ताओं से बिजली बिल की बकाया राशि वसूलने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। अभी कोरबा सर्किल में 250 करोड़ से अधिक की बिजली बिल की बकाया राशि है। स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगने से उपभोक्ताओं के गलत रीडिंग, बिजली बिल में गड़बड़ी की शिकायत नहीं रहेगी।

बिजली बिल सुधार के लिए कई बार उपभोक्ताओं को दफ्तर के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इस तरह की परेशानियों से भी बिजली उपभोक्ताओं को निजात मिलेगी। बिजली चोरी नहीं होने से वितरण कंपनी की लाइन लॉस में भी कमी आएगी। इसे 15 फीसदी से भी कम पर लाने का लक्ष्य है। वितरण कंपनी कोरबा सर्किल के अधीक्षण अभियंता पीएल सिदार ने बताया कि नया स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगाने उपभोक्ताओं से शुल्क नहीं लिया जाएगा। साल 2024 में नया मीटर लगाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। जरूरी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। सरकारी दफ्तरों से नया मीटर लगाने का ट्रायल शुरू होगा। सरकारी दफ्तरों से स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगाने की होगी शुरुआत शहरी क्षेत्र के सरकारी दफ्तरों से स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगाने की शुरुआत होगी।

## बूथों में समिति बनाने का काम हुआ शुरू

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति की बैठक रायपुर में आयोजित की गई थी। इसके बाद से मंडलों में कार्यकर्ता सक्रिय हो गए हैं। समिति बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। एक बूथ में 20 सदस्य बनाए जा रहे हैं। कुदमुरा मंडल के अध्यक्ष धनंजय चौहान व रामायण राठिया ने बताया कि कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। इसी तरह उरगा मंडल में किशन साव व प्रकाश यादव के द्वारा समिति बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। पोड़ी प्रभारी अनुराग दुहलानी, कटघोरा मंडल के प्रभारी विवेक मारकण्डे व कोसाबाड़ी मंडल के पिंकू रंजन व सिद्धांत नारायण सोनी ने बताया कि बूथों में जाकर समिति बनाई जा रही है। जिला सहप्रभारी भी पिछले दिनों रायपुर की बैठक में शामिल हुए थे। बैठक में शामिल होने वाले उत्तम रंधावा, किशन साव, दीक्षित देवांगन, प्रीति स्वर्णकार, अजय कंवर, किशन केशरवानी के द्वारा निर्देश का इंतजार किया जा रहा है। बूथों को सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक जिलों में पदाधिकारी दौरा करेंगे ताकि चुनाव से पहले समिति का गठन किया जा सके।

## कांग्रेसी गए नागपुर

**कोरबा।** कांग्रेस के स्थापना दिवस पर नागपुर में राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन में कोरबा जिले के भी कार्यकर्ता शामिल होने के लिए रवाना हुए हैं। रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक फूलसिंह राठिया, जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ता नागपुर के लिए रवाना हुए। इसी तरह बालको कांग्रेस कमेटी के गिरधारी बरेठ के नेतृत्व में भी कार्यकर्ता नागपुर के लिए रवाना हुए हैं।

## जैतखाम में कल चढ़ाया जाएगा ध्वज

**कोरबा।** कल सुभाष ब्लाक में गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। इस दौरान जैतखाम पर ध्वज चढ़ाने का काम किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक लखनलाल देवांगन को आमंत्रित किया गया है। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता एस.के.बंजारा विद्युत मंडल मड़वा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सिस्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर.पी.खांडे, बसपा जिलाध्यक्ष फूलचंद सोनवानी, रमेश जाटवर, अमरीका मिलन, शैलेंद्र सिंह पार्षद, राजेंद्र सूर्यवंशी, मोहन सिंह प्रधान जेसीसी सदस्य कोरबा एरिया, सीजीएम दीपक पंड्या, अजा मोर्चा प्रदेश मंत्री सुनीता पाटले, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष सरजू अजय के अलावा अन्य अतिथि भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दूजराम मिलन, ढहारू राम, अजय निराला, दुर्गाशंकर बंजारे के द्वारा तैयारी की जा रही है।

## विधायक पटेल का होगा स्वागत

**कोरबा।** कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल आज घुड़देवा कटाईनार व बांकीमोंगरा क्षेत्र का दौरा करेंगे। इन क्षेत्रों में भाजपा के कार्यकर्ता विधायक पटेल का स्वागत करेंगे। स्वागत की तैयारी मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जगत, मनीष मिश्रा, मुकुल कर्ष, लखन राठौर, सुनीता पाटले के द्वारा की जा रही है। श्री पटेल तिवरता में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में भी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यहां पर उनके साथ भाजपा नेता दुष्यंत शर्मा, हरीश थरवानी, चुलेश्वर राठौर, नरेश टंडन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। जबकि देवरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में भी विधायक पटेल शामिल होंगे। यहां पर कटघोरा मंडल अध्यक्ष धन्नू दुबे, राजेंद्र टंडन, अभिषेक गर्ग, समजीत सिंह, जय गर्ग सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

## बांकी थाना का निरीक्षण आज

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला आज बांकीमोंगरा पुलिस थाना का निरीक्षण करेंगे। सभी क्षेत्रों में भ्रमण का अभियान और वहां से जुड़ी समस्याओं व शिकायतों का निराकरण करना इसका उद्देश्य है। इससे पहले एसपी ने विभिन्न थानों में जायजा लेने के साथ अलग-अलग स्तर पर समीक्षा की। मौके पर आए लोगों की समस्याएं केवल सुनी ही नहीं बल्कि उनका यथोचित निराकरण भी कराया। इस अभियान पर लगातार काम किया जाना है।

## शपथ लेगी नई कार्यकारिणी

**कोरबा।** बांकीमोंगरा में प्रेस क्लब की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया है। सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी तैयार हुई है। नए चेहरों को इसमें शामिल किया गया है जबकि पुराने पदाधिकारी मार्गदर्शक की भूमिका पर होंगे। स्थानीय स्तर पर आयोजित एक कार्यक्रम में नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी। एसईसीएल उपक्षेत्र के अधिकारी और थाना प्रभारी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे।

## कोहरा के कारण दृश्यता बाधित

**कोरबा।** ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों कोहरा की उपस्थिति देखने को मिल रही है। उत्तरी क्षेत्र से आने वाली सर्द हवाओं के कारण नमी पड़ने से ऐसे हालात बने हैं।

# मलगांव की अर्जित भूमि में मुआवजा और बसाहट का मामला अटका, लोग मिले विधायक पटेल से





**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड दीपका क्षेत्र की दीपका परियोजना के विस्तार के लिए मलगांव की जमीन अर्जित की गई है। यहां से संबंधित मुआवजा और बसाहट का मसला अभी निराकृत नहीं हुआ है। लंबा अरसा होने के कारण लोग नाराज हैं। उन्होंने आज सुबह विधायक प्रेमचंद पटेल के रेलडबरी उतरदा निवास पहुंचकर मुलाकात की और समाधान की मांग की। लोगों का कहना था कि इस मामले में हो रही कठिनाई को लेकर एसडीएम को हटाया जाए। एसईसीएल दीपका परियोजना को मेगा केटेगरी में लाने के लिए काम चल रहा है। लंबा-चौड़ा क्षेत्र इसमें शामिल किया जाना है। कंपनी ने नीतिगत रूप से जमीन प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाएं की है। बीते वर्षों में नजदीकी गांव मलगांव की जमीन का अर्जन इस कड़ी में किया गया। नियमानुसार इसकी सूचनाएं प्रसारित की गई। राजस्व नियमों और बहुद्देशीय प्रयोजन को स्पष्ट करते हुए यहां की उस जमीन का उपयोग खदान के लिए करना है जिस पर लोग लंबे समय से काबिज हैं। खबर के मुताबिक लगभग 11 महीने पहले जमीन की नापजोख हो चुकी है। अब तक लोगों को मुआवजा नहीं बंटा है और न ही बसाहट की व्यवस्था हुई है। काफी समय से यह मामला उठाया जाता रहा है। संबंधित जानकारी के आधार पर यहां की अर्जित जमीन, पेड़-पौधे और अन्य संसाधन के आधार पर मुआवजा के प्रकरण बनाए गए हैं। कुछ कारणों से इसमें पेंच फंसा हुआ है इसलिए अगली कार्रवाई थमी है। प्रभावित 80 से अधिक लोगों ने आज विधायक प्रेमचंद पटेल से मुलाकात की और उन्हें हल निकालने को कहा। विधायक ने आश्वस्त किया कि इस दिशा में अगली कार्रवाई की जाएगी अन्यथा वे खुद धरना देंगे।

### *लोगों के आवेदन पर रिव्यू कमेटी बनाई*

*मलगांव में अर्जित जमीन और उसके संबंध में तैयार हुए मुआवजा को लेकर लोगों की आपत्तियां हैं। 140 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनकी समीक्षा के लिए हमने रिव्यू कमेटी बनाई है। अब तक पटवारियों ने 40 मामलों में पूछताछ और अन्य कार्यवाही की है, जिसमें किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं मिली। शेष प्रकरणों में कार्यवाही की जाएगी। जहां कहीं लगेगा गलत हुआ है उसमें जरूर सुधार करेंगे।*

***-ऋचा सिंह, एसडीएम कटघोरा***

## युवक ने लगाई फांसी

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र के तुमान गांव में एक 22 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक का नाम नरेश रजक है जिसने किन कारणों से खुद की ईहलीला समाप्त की इस बात का पता नहीं चल सका है। बताया जा रहा है,कि युवक देर शाम अपने काम से घर लौटा और खाना खाकर सो गया। अगली सुबह उसकी लाश कमरे में फांसी के फंदे पर झूल रही थी। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## रावणभाठा में हाथियों ने फिर रौंदी



**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल अंतर्गत एतमानगर, केंदई व पसान रेंज में हाथियों का दल अलग-अलग झुंडों में विचरण कर रहा है। 32 हाथियों के झुंड ने बीती रात एतमानगर रेंज के मड़ई गांव के निकट रावणभाठा में पहुंचकर कई ग्रामीणों के अरहर फसल को रौंद दिया। हाथियों का उत्पात यहां काफी देर तक चला। हाथियों की निगरानी में लगे वन विभाग के स्टाफ को जब इसकी जानकारी लगी तो वे तत्काल मौके पर पहुंचे और उत्पाती हाथियों को खदेड़ने की कार्यवाही की। वन अमला द्वारा खदेड़े जाने पर हाथियों ने जंगल का रूख किया।

# नतीजे आएंगे या रद्द हो जाएगी सब इंस्पेक्टर की भर्ती परीक्षा, हताश युवाओं ने निकाला मार्च





**कोरबा।** वर्ष 2018 में छत्तीसगढ़ में की गई सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा के परिणाम 5 साल बीतने के बाद भी नहीं आ सके हैं। परीक्षा में शामिल युवा इस बात से डरे हुए हैं कि कहीं भर्ती परीक्षा को रद्द न कर दिया जाए। उन्होंने अच्छे परिणाम की आस के साथ यहां नेताजी चौराहे पर प्रदर्शन किया और कैंडल मार्च निकाला।

सितंबर 2018 में संपन्न हुई एसआई भर्ती प्रक्रिया के नतीजे अब तक घोषित नहीं हो सके है। नतीजे नहीं आने के कारण अभ्यर्थियों की बेचैनी बढ़ती जा रही है। अभ्यर्थियों को डर है,कि भर्ती प्रक्रिया कहीं निरस्त ना हो जाए। यही वजह है,कि एसआई की परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों ने बीती रात शहर में कैंडल मार्च निकाला और सुभाष चौक पर मोमबत्ती जलाकर सरकार से नतीजों को घोषित करने की मांग की।

एसआई के 855 पदों के लिए भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला था,जिसपर कांग्रेस की सरकार आने के साथ ही ब्रेक लग गया। हालांकि काफी समय बाद कांग्रेस सरकार ने 975 पदों पर फिर से भर्ती का विज्ञापन निकाला और परीक्षा का आयोजन किया। सितंबर माह में साक्षात्कार भी हो गया लेकिन तीन माह हो गए नतीजे नहीं आ सके। अब जक सरकार बदल गई है,तो अभ्यर्थियों को डर सता रहा है,कि कहीं भर्ती निरस्त न हो जाए यही वजह है,कि वे तरह तरह के जतन कर सरकार से नतीजे घोषित करने की मांग कर रहे है।

# शराब पिलाने का आरोप लगाकर पुलिस ने की कार्रवाई

## चाय दुकान का संचालक परेशान

**कोरबा।** कुसमुंडा पुलिस कबीर पंथ से जुड़े एक साहू परिवार को परेशान कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार कुसमुंडा थानांतर्गत शांति नगर में निवास करने वाले अपने समय के प्रख्यात पेंटर राजू साहू अपनी पत्नी की मौत के बाद काफी विचलित है। बताया जाता है कि एक महिला चिकित्सक की लापरवाही से उसकी पत्नी की जान चली गई है। इस मामले को लेकर साहू के द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष न्याय की गुहार लगाई गई है। किंतु किसी प्रकार की संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई। थक हारकर बोझिल मन से उसने शांतिनगर कुसमुंडा के समीप एक छोटी सी चाय-पानी की दुकान चलाकर अपना जीवन व्यतीत कर रहा है। कबीर पंथ से जुड़े हुए साहू परिवार पूर्ण रूप से सात्विक है। इनकी चाय दुकान पर पिछले दिनों कुसमुंडा पुलिस ने छापा मारकर शराब पिलाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की जिससे राजू साहू मानसिक रूप से परेशान है।

## अयप्पा मंदिर में मंडल पूजा पर अनुष्ठान

**कोरबा।** एसईसीएल कालोनी स्थित अयप्पा मंदिर में वार्षिक मंडल पूजा के अंतर्गत आज विशेष अनुष्ठान किया जा रहा है। इस कड़ी में पवित्र 18 सीढ़ियों की पूजा करने के साथ अन्य विधान पूरे किये जाएंगे। दोपहर से यहां भंडारा शुरू हुआ। मंदिर प्रबंधन के अध्यक्ष ने बताया कि रात्रि में भी विभिन्न सोपान पर काम होंगे। 41 दिन तक चलने वाली प्रक्रियाओं के लिए केरल से दक्षिण भारतीय पुरोहित आमंत्रित किये गए हैं। मकर संक्रांति को यहां विशिष्ट आयोजन होगा।



राम जन्म भूमि पर निर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व हो रहे अभियान के अंतर्गत कोरबा जिले में सभी देवस्थानों को पूजित अक्षत से आमंत्रण दिया जा रहा है। इस अभियान के तहत अयोध्या में पूजित अक्षत कलश का रजगामार पहुंचने पर भव्य स्वागत हुआ। परंपरागत तरीके से यहां जन समुदाय ने उत्साह का प्रदर्शन किया।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com